डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

PG-8

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार

PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-यूट्यूब पर छाया अरविंद अकेला कल्लू और शिल्पी राज का रोमांटिव गाना 'पहिलकी छोड़ देंगे हम'

वर्ष -08 अंक -277 | प्रयागराज गुरुवार, 26 जनवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

संक्षिप्त समाचार

अगले महीने अलग से परामर्श करेगी सरकार

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। इंटरनेट मीडिया पर पुलिस फर्जी खबरों को लेकर अपनी शाखा पीआइबी को अधिकार देने की योजना बना रही है। जिस पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार प्रस्ताव को लागू करने से पहले अगले महीने हितधारकों के साथ चर्चा करेगी। मंत्री ने कहा कि आनलाइन गेमिंग को विनियमित करने के नियमों को 31 जनवरी तक अधिसूचित किए जाने की उम्मीद है, जिसके बाद इन्हें संसद में पेश किया जाएगा। आइटी नियम 2021 में प्रस्तावित संशोधन पर स्पष्टीकरण के बारे में पूछे जाने पर मंगलवार को चंद्रशेखर ने कहा कि अगले महीने की शुरुआत में पीआइबी पर अलग से परामर्श करेंगे। डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट पर परामर्श समाप्त हो गया है और इसे अधिसूचना के लिए सरकार के दायरे में संसाधित किया जा रहा है। इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पिछले सप्ताह मसौदा सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन जारी किया था, जिसे पहले सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया गया था। जबकि आनलाइन गेमिंग के संबंध में नियम बनाने के लिए परामर्श काफी हद तक चल रहा है।

एके एंटनी के बेटे अनिल ने छोड़ी कांग्रेस

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। अनिल एंटनी ने बुधवार सुबह कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने अपने इस्तीफे की चिट्ठी ट्वीट की है। पीएम मोदी पर बनी बीबीसी की विवादित डॉक्यूमेंट्री का विरोध करने के एक दिन बाद ही ये फैसला लिया है।

दिल्ली-यूपी में बारिश व पंजाब में ओलावृष्टि की संभावना, घाटी में आज हिमपात का अलर्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। उत्तर भारत के कई राज्यों में ठंड से फिलहाल राहत है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार और बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 21 से 22 डिग्री रह सकता है, वहीं न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रह सकता दिल्ली-एँ में बारिश के आसार मौसम विभाग की मानें तो बुधवार सुबह दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं, बृहस्पतिवार को भी दिल्ली में बादल छाए रहेंगे और कुछ इलाकों में हल्की वर्षा हो सकती है। इससे पहले दिल्ली में मंगलवार को पूरे दिन बादल छाए रहने और ठंडी हवा चलने से मौसम में ठंडक महसूस की गई। ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी वहीं, उत्तराखंड में मंगलवार को देर शाम चोटियों पर हिमपात हुआ। इससे तापमान में भी गिरावट आ गई। वहीं, हिमाचल में भी वर्षा और हिमपात शुरू हो गया है। हिमपात से लाहुल घाटी का मनाली से संपर्क कट गया है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले दो दिन प्रदेश में आंधी चलने, भारी हिमपात और वर्षा के साथ ओलावृष्टि होने का यलो अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर में भी मंगलवार को वर्षा हुई। हालांकि कहीं हिमपात नहीं हुआ है। मगर तापमान कई डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया है। जम्मू-कश्मीर में बुधवार को हिमपात के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कई जिलो में बारिश के आसार है। मौसम विभाग ने बताया कि यूपी में 26 जनवरी तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। बिहार में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मंगलवार को राजधानी का तापमान पांच डिग्री चढ़कर 27.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। अधिकतम तापमान में सामान्य से पांच व न्यूनतम में तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान उत्तरी भागों के 19 जिले व दक्षिण पूर्व भागों के भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर, खगड़िया के कुछ स्थानों पर कोहरा छाया रहेगा। अगले 24 घंटों के दौरान तापमान में आंशिक वृद्धि के आसार हैं। मंगलवार को पंजाब के कई जिलों में वर्षा हुई। मौसम विभाग चंडीगढ़ के पूर्वानुमान की मानें तो बुधवार व वीरवार को राज्य में कई स्थानों पर वर्षा के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। बता दें सोमवार को चंडीगढ़ में सबसे अधिक 12.6 मिलीमीटर वर्षा हुई। यहां न्यूनतम तापमान 9.6 और अधिकतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह एसबीएसएस नगर में 9.6, होशियारपुर में 9.7 लुधियाना में 5.9, पटियाला में 4.9, फतेहगढ़ साहिब में 7.5 व रोपड़ में 7.5 मिलीमीटर वर्षा हुई।

मिस्त्र के राष्ट्रपति और पीएम मोदी की शिखर वार्ता आधा दर्जन समझौतों पर होंगे हस्ताक्षर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतेह अल-सिसी आज द्विपक्षीय वार्ता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हैदराबाद हाउस में मुलाकात करेंगे। वह दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में कारोबार करने की पेशकश करेंगे। बता दें कि मिस्र की माली हालात बहुत खराब है और उसका विदेशी मुद्रा भंडार भी लगातार घट रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में कारोबार करना उसके लिए सही साबित हो सकता है। पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे राष्ट्रपत अल-सिसा पीएम मोदी और अल-सिसी के बीच द्विपक्षीय कारोबार के साथ ही रक्षा क्षेत्र में सहयोग प्रगाढ़ करने पर भी बात होगी। अल-सिसी 24 जनवरी को शाम छह बजे अपने सरकारी विमान से नई दिल्ली पहुंचे थे। अल-सिसी का 25 जनवरी की सुबह राष्ट्रपति भवन में राजकीय समारोह में स्वागत किया जाएगा। उनकी विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अलग से बात होगी। पीएम मोदी के साथ वह पहले एकांत में वार्ता करेंगे और उसके बाद द्विपक्षीय आधिकारिक वार्ता होगी। इसके बाद दोनों देशों की तरफ से एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा

व तकरीबन आधा दर्जन समझौतों पर हस्ताक्षर भी होंगे। सूत्रों ने बताया कि शीर्षस्तरीय बैठक के बाद जारी होने वाला बयान बहुत ही व्यापक होगा और एक तरह से दोनों देशों के भावी रिश्तों का एक रोडमैप बनेगा। भारत के लिए मिस्र के साथ कारोबार को बढ़ाना बहुत अहम है। इसकी वजह यह है कि मिस्र कई देशों के साथ पहले ही मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है। भारत की कोशिश है कि मिस्र के जरिये वह इसके साझेदार देशों में भी अपने उत्पादों व सेवाओं को पहुंचाए। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार कोविड के बाद तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2021-22 के दौरान इनके बीच द्विपक्षीय कारोबार 7.26 अरब डालर का हुआ है जो एक वर्ष पहले के मुकाबले 75 प्रतिशत ज्यादा है। इसमें भारत का निर्यात 3.74 अरब डालर का रहा था। दोनों देशों ने वर्ष 2026-27 तक 12 अरब डालर के द्विपक्षीय कारोबार का लक्ष्य रखा है। भारतीय कंपनियों ने मिस्र में 3.3 अरब डालर का निवेश भी कर रखा है। मिस्र स्वेज नहर का विस्तार भी कर रहा है और भारत इसमें निवेश करने की संभावना तलाश रहा है। दोनों नेताओं के बीच होने वाली वार्ता में रक्षा सहयोग भी काफी अहम होगा। इस साल पहली बार भारत और मिस्र की तीनों सेनाओं के बीच सैन्य अभ्यास होने वाला है। मिस्र ने भारत से कई तरह के रक्षा उपकरण व युद्धक विमान खरीदने में रुचि दिखाई है। दोनों देशों के बीच साथ मिलकर युद्धक विमानों का ईंजन बनाने को लेकर भी सहयोग स्थापित करने की बात हो रही है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतेह अल-सिसी 26 जनवरी, 2023 को भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह पहली बार है कि मिस्र के किसी राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। अब्दुल-फतेह अल-सिसी 2014 से मिस्र के राष्ट्रपति के रूप में कार्यरत हैं।

२६ जनवरी, २०२३ गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिला पंचायत सोनभद्र, जनपद के नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती है तथा देश की आजादी मे बलिदान हुए शहीदों को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले व्यवसाइयों से अपील करती है कि अपना कर एवं लाइसेंस व अन्य मदों की बकाया धनराशि जिलानिधि मे समंय से जमा करें व भवन नक्शा की स्वीकृति लें, ताकि जिला पंचायत जनपद के विकास मे सदैव अग्रणी रहे।

(पी0के0 सिंह) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोनभद्र।

(सौरभ गंगवार) मुख्य विकास अधिकारी/ मुख्य अधिकरी जिला पंचायत सोनभद्र।

(समस्त सदस्यगण) जिला पंचायत सोनभद्र।

(राधिका पटेल) अध्यक्ष जिला पंचायत सोनभद्र।

सड़कों में सुधार के फोटो और वीडियो प्रमाण जरूरी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। सड़कों, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर खतरनाक स्ट्रेच और अन्य खामियों को सही करने के मामले में कामचलाऊ रवैया नहीं चलेगा। इसका रिकार्ड रखना होगा कि किसी हिस्से में खतरे को जन्म देने वाली क्या कमी थी और इसे किस तरह ठीक किया गया है। सड़क परिवहन मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोड इंजीनियरिंग के लिहाज से जो सेफ्टी एक्शन प्लान बनाया है, उसमें सुधार के फोटोग्राफ और वीडियो प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया है। सड़क निर्माण से संबंधित सभी एजेंसियों के लिए पिछले दिनों बनाए गए एक्शन प्लान के अनुसार सभी राजमार्गों का रोड सेफ्टी आडिट किया जाना है।





अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 24 मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज । प्रयागराज महिला टीम के द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस, उच्च प्राथमिक विद्यालय बहराना में बिटिया प्रेरणा सम्मान बालिकाओं को दिया गया और साथ ही अवेयरनेस प्रोग्राम भी आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में प्रयागराज महिला टीम की जिला अध्यक्ष श्वेता साहू, जिला संरक्षक नीता भारद्वाज, एक्टिव सदस्य पूनम सिंह, स्नेह लता सिंह, शालिनी गुप्ता, ज्योति भाटिया साथ ही साथ स्कूल की प्रधानाचार्य मधुलिका यादव, स्कूल की अध्यापिका ऋषि तिवारी , प्रीति सक्सेना , रिंकू और राजकुमार जी उपस्थित रहे । स्कूल की सभी बालिकाओं को सम्मान पत्र द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही साथ विद्यालय की प्रधानाचार्य को भी संस्था के द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया , यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला महिला टीम की अध्यक्ष के द्वारा अवगत कराया गया की आगे भी इस तरह के कार्यक्रम महिला टीम के द्वारा संपन्न होते रहेंगे ।

मेला पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज । माघ मेला प्रयागराज में प्रत्येक दिन लाखों श्रद्धालु संगम में स्नान कर सकुशल व सुरक्षित अपने गंतव्य को वापस जाते हैं इनकी सुरक्षा हेतु माघ मेला पुलिस के द्वारा मेला क्षेत्र में निरन्तर सतर्क दृष्टि रखते हुये विशेष सतर्कता बरती जाती है। इसी दौरान एक व्यक्ति जो गंगा स्नान करने के लिए मेला क्षेत्र में आया हुआ था मेला क्षेत्र में स्नान घाट पर जाते समय रास्ते में पर्स, मोबाइल,गाड़ी की चाभी कही गिर गई पता चलने पर काफी खोजबीन के बाद न मिलने पर मायूस होकर थाना अरैल जाकर सूचना दी जाती है उक्त सूचना को संज्ञान में लेकर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से अनाउंस कराकर एवं थाना प्रभारी अरैल द्वारा तत्काल प्रतिक्रिया करते हुये बरामद कर उक्त बैग को व्यक्ति को पहचान करवाकर सुपुर्द किया गया। अपना सामान पुनः प्राप्त होने पर राजेंद्र सिंह पुत्र समरजीत सिंह ग्राम खरकौनी थाना नैनी प्रयागराज के द्वारा सन्तोष व्यक्त करते हुये इनके द्वारा पुलिसकर्मियों को धन्यवाद दिया गया व उनका आभार व्यक्त किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र द्वारा थाना प्रभारी अरैल के किये गये सराहनीय कार्य की प्रसंशा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

झिंझिया लोकनृत्य में दिखी लोक संस्कृति हर-हर शम्भू से गूंजा सांस्कृतिक पंडाल

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज । माघ मेला में स्थित एनसीजेडसीसी का सांस्कृतिक शिविर चलो मन गंगा यमुना तीर में सांस्कृतिक संध्या लोकगीतों के नाम रही। सोमवार को कुंवर सिंह के बिरहा गीत बड़ा नीक लागे गंगा माई के लहरिया से होती है। इसके बाद गुलाब चन्द्र विश्वकर्मा राजा जन्मेज की कहानी को लोकगीतों में पिरो कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। लोकगीत गायिका आस्था शुक्ला ने गंगा की महिमा को अपने गीतों के माध्यम से जनश्रोताओं तक पहुंचाया उन्होंने नमामि गंगे, गंगा मईया तोहरे पिईरे चढाईबे एवं हर-हर शम्भू गीत प्रस्तुत कर पूरे सासंकृतिक पंडाल को भक्तिमय क दिया। कार्यक्रम के इस कड़ी में हरि लाल ने सुनी-सुनी लागे कदम का डरिया , जाके इतिहास में देख लो साथियों सर मैं कटा के पिलाया हूं लहु की प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक पंडाल में उत्साह भर दिया। कृष्णा प्रसाद एवं दल ने झिझिया नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति की गई। इस नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने इस नृत्य के माध्य से मिथिला की संस्कृति को बखूबी सबके सामने रखा। इसके बाद ढोल, बाकिया, थाली के थाप और सागर पानी भरवा जाउं सा गीत के बीच राजस्थान से आई अंजना एवं दल ने घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसका दर्शकों ने खूब लुफ्त उठाया। मथुरा से पधारे जितेंद्र पराशर ने बरसाने की मोर कुटी बन आए रसिया को प्रस्तुत कर त्रिवेणी तट को ब्रज के फाग में रंग दिया। मनोजा कुमार सिंह ने गंगा मईया की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा चरी , गोडऊ, पांवरिया, मयूर नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।

हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा गिरफ्तार

कब्जे से 02 अवैध पिस्टल .32 बोर, 09 जिन्दा कारतूस .32 बोर, 02 मैगजीन 0.32 बोर, 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 मोटर साइकिल एच. एफ. डीलक्स व 04 मोबाइल फोन बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज । को ग्राम लवायन खुर्द चटकहना में वादी मुकदमा अजय कुमार दुबे व उनकी पुत्री को जान से मारने की नियत से 03 राउण्ड फायर किये जाने की सनसनी खेज घटना घटित हुई जिसके सम्बन्ध में थाना औद्योगिक क्षेत्र में मु0अ0सं0 14/23 धारा 307/504/506 भा0दं0वि0 पंजीकृत किया गया। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1. प्रवीण पाण्डेय उर्फ अतुल पाण्डेय पुत्र ब्रह्मदेव पाण्डेय निवासी सोतीपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर व 2. आशुतोष उपाध्याय पुत्र श्री लाल बहादुर उपाध्याय निवासी सुनौथा थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर को आज दिनांक 24.01.23 को मुखबिर की सूचना पर ओमैक्स सिटी के निकट थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त प्रवीण पाण्डेय उर्फ अतुल के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध देशी पिस्टल .32 बोर, 04 जिन्दा कारतूस .32 बोर, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल एच. एफ. डीलक्स बिना नम्बर की, 01 मैगजीन .32 बोर व 03 मोबाइल फोन तथा अभियुक्त आशुतोष उपाध्याय के कब्जे से 01 पिस्टल .32 बोर, 05 जिन्दा कारतूस .32 बोर, 01 मैगजीन .32 बोर, 01 तमंचा .315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, व 01 मोबाइल फोन बरामद किया गया। आशुतोष उपाध्याय की गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना औद्योगिक क्षेत्र में मु0अ0सं0 15/23 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्त-** 1. प्रवीण पाण्डेय उर्फ अतुल पाण्डेय पुत्र ब्रह्मदेव पाण्डेय निवासी सोतीपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर, उम्र लगभग 30 वर्ष 2. आशुतोष उपाध्याय पुत्र श्री लाल बहादुर उपाध्याय निवासी सुनौथा थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर, उम्र करीब 27 वर्ष **पंजीकृत अभियोग** 01. मु0अ0सं0 14/23 धारा 307/504/506 व 3/25 आयुध अधिनियम, थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज 02. मु0अ0सं0 15/23 धारा 3/25 आयुध अधिनियम, थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज **आपराधिक इतिहास-** अभियुक्त प्रवीण पाण्डेय- 1. मु0अ0सं0 04/21 धारा 292(2)/420/504/506 भादवि व 66 आई.टी. एक्ट व 7/8 पॉक्सो एक्ट, थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस **कमिश्नरेट प्रयागराज** 2. मु0अ0सं0 07/21 धारा 323/498/504/509 भादवि व 3/4 डी.पी. एक्ट व 67 आई.टी. एक्ट, थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज 3. मु0अ0सं0 126/21 धारा 507 भादवि व 67ए आई.टी. एक्ट, थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज 4. मु0अ0सं0 204/22 धारा 341/507 भादवि, थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज **बरामदगी का विवरणः-** 1. अभियुक्त प्रवीण पाण्डेय उर्फ अतुल पाण्डेय के कब्जे से - 01 देशी पिस्टल .32 बोर, 04 जिन्दा कारतूस .32 बोर, 01 मोटर साइकिल एच. एफ. डीलक्स बिना नम्बर की, 01 मैगजीन .32 बोर, 03 मोबाइल फोन 2. अभियुक्त आशुतोष उपाध्याय के कब्जे से - 01 पिस्टल .32 बोर, 05 जिन्दा कारतूस .32 बोर, 01 मैगजीन 0.32 बोर, 01 तमंचा .315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 मोबाइल फोन **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**1. व030नि0 कौशलेन्द्र धर दूबे, थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज 2. उ0नि0 अतुल कुमार मिश्र थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज 3. उ0नि0 राहुल कुमार सिंह थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज 4. का0 कृष्णपाल थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज 5. का0 आशीष यादव थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज।

लायंस इंटरनेशनल की ई-कचरा की मुहिम जारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज । लायंस क्लब इंटरनेशनल के मंडल 321ई के एसोसिएट कैबिनेट सेक्रेटरी लायन हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इंटरनेशनल उपाध्यक्ष लायन ए पी सिंह जी ने पर्यावरण संरक्षण के तहत इलेक्ट्रॉनिक कचरा की मुहिम 13 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाई जा रही हैं जिसमें लोगों को ई कचरा के लिए जागरूक किया जाएगा लायन गुप्ता ने बताया कि हर घर में पुराने खराब या अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक सामान मौजूद हैं जिसे ना फेंका जा सकता है ना ही कोई कीमत रह गई हैं जैसे पुराने कैसट, फ्लॉपी, वी सी आर, ऑडियो सिस्टम, एलईडी टीवी, कम्प्यूटर, फ्रिज, मोबाइल, मानिटर, इलेक्ट्रॉनिक चूल्हा, मिक्सर, बच्चों के खिलौने आदि सामान घरों में मौजूद है जिसका निस्तारण सही तरीके से करना चाहिए जिससे पर्यावरण को हानि ना हो। आप सभी भी इस मुहिम से जुड़े, इसे लायन सदस्यों के माध्यम से निस्तारित करे। अन्य सहायता और जानकारी के लिए 9839909618, 8948530767, 9415253714 पर संपर्क करे। लायंस क्लब द्वारा हिन्दुस्तान ई वेस्ट कंपनी के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक कचरा निस्तारित कराया जा रहा है।

बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज । कौशाम्बी जिले के सैनी थाना क्षेत्र के अजुहा चौकी अंतर्गत धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में लगे टेंट शेड को हटाते वक्त एक मजदूर महेश कुमार पुत्र अमर सिंह उम्र लगभग 25 साल निवासी ग्राम नांदेमाई टांडा थाना सैनी जिला कौशांबी की मौत हो गई महेश कुमार लल्लू टेंट एंड लाइट हाउस में मजदूरी करता था आज सुबह वह स्कूल में टेंट खोलने गया था तभी टेंट हटाते समय स्कूल के ऊपर से जा रही ग्यारह हजार लाइन की चपेट में आ गया जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

लाज रखना अपनी माँ भारती के दूध का हरदम-अजय पाण्डेय

(आधुनिक समाचार सेवा)

सीतापुर । सुभाष जयंती के अवसर पर आलोक लोक सेवा संस्थान के तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार में एक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें स्वतंत्रता के महानायक सुभाष चंद्र बोस के शौर्य एवं पराक्रम पर आधारित कविताओं के वाचन से राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया गया। साथ ही प्रेम,मनुहार एवं हास्य की कविताओं से श्रोताओं को हँसाया और गुदगुदाया गया।कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कवि आलोक सीतापुरी के द्वारा किया गया।अरुण शर्मा बेधड़क के संयोजन एवं बहराइच के वरिष्ठ कवि गुलाब चंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में हुए इस कवि सम्मेलन में लगभग दो दर्जन कवियों ने काव्य पाठ किया। कवियत्री बिंदु प्रभा प्रभा ने मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम घोष जय हिंद वाला नारा है,प्राण निज देश पर न्यौछावर उन्होंने किये श्रद्धांजलि दे रहा आलोक लोक प्यारा है। अयोध्या के अशोक टाटाम्बरी ने लोकगीत पढा तो अरुण शर्मा 'बेधड़क' ने कहा -स्वागत शहादत का सौदा करे अंगरेज, जन गण मन में आक्रोश होना चाहिए,बात यदि राष्ट्र के ही आन बान शान की हो,युवा पीढ़ी को सुभाष बोस होना चाहिए।वीर रस के देश के सुप्रसिद्ध कवि डॉ0रणजीत सिंह ने अपनी प्रसिद्ध रचना 'मेरी कविता के नायक हैं' पढ़कर श्रोताओं को रोमांचित किया। उनका यह मुक्तक- वजह है बस यही कि आप से हरदम यही कहना,अपने देश की सेवा में हरदम ही लगे रहना,लाज रखना अपनी माँ भारती के दूध का हरदम,कहर बनकर पहाड़ों की तरह बैरी पर तुम ढहना,श्रोताओं के भारत माँ के जय नाद का कारण बना। बहराइच के रामकरण मिश्र सैलानी ने अपने लोकगीतों से कार्यक्रम को सरस बनाया तो हास्य के कवि आलोक पंडित की कविताओं ने लोगों को हँसाया।पत्रकार एवं कवि जगदीप शुक्ल अंचल की राष्ट्रवादी कविताएं सराही गईं। इसके अलावा अमेठी के अजय पांडे,आचार्य अंबिका तिवारी,शिव प्रताप सिंह चौहान,शिवांश सिंह सुंदरम,ज्ञान प्रकाश 'प्रतीक',राम किशोर श्रीवास्तव,गीता किशोर,अतुल बाजपेई,गाँधी व सुधांशु त्रिवेदी आदि ने काव्य पाठ किया। संचालन वरिष्ठ कवि केदारनाथ शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में हरीश रस्तोगी व वीरेंद्र पुरी,आकाश तिवारी,अबुल खैर नदवी व अभिषेक सिंह आदि ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।

मण्डलायुक्त ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारम्भ

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज । जिला पंचायत परिसर में मंगलवार को तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन का मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि भी उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश दिवस-2023 की थीम ''निवेश और रोजगार'' है। आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रदर्शनी, संगोष्ठी, उद्यमी सम्मेलन, विविध सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आरम्भ में जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी के ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के संदेश की वीडियो क्लिप को भी दिखाया एवं सुनाया गया। इस अवसर पर लोगो को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि उत्तर प्रदेश जनसंख्या, क्षेत्रफल, आर्थिक, सांस्कृतिक विविधता के मामले में किसी बड़े देश से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और देश को आगे ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां पर विभिन्न क्षेत्रों में विकास की अपार सम्भावनाएं विद्यमान है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने कानून व्यवस्था के क्षेत्र में, अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में, अवसंरचना के विकास क्षेत्र में बहुत तीव्रगति से प्रगति किया है। आज प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ रहा है, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने लोगो से आह्वाहन करते हुए कहा कि हम सभी लोग उत्तर प्रदेश के विकास में अपने दायित्वों व कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विकास में सहभागी बनें। इस अवसर पर जिला पंचायत परिसर में उत्तर प्रदेश की संरचना एवं विकास तथा उसका इतिहास, पाण्डुलिपि संपदा प्रदर्शनी, पर्यटन विभाग, कृषि विभाग, डूडा, होम्योपैथिक, मत्स्य पालन विभाग, पंचायतीराज विभाग, अग्निशमन विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, एक जनपद एक उत्पाद विभाग, युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, यूपीनेडा, उद्यमियों, व्यवसायियों व स्वयं सहायता समूहों के द्वारा उत्पादों/संचालित योजनाओं की लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने एक-एक विभागों के स्टॉलों पर जाकर योजनाओं एवं उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा, जिससे लोगो को योजनाओं के बारे में जानकारी हो सके तथा वे उसका लाभ उठा सके। मण्डलायुक्त के साथ जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि ने भी लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में कृषि विभाग के द्वारा प्रदर्शित किए गए कोदो, सांवा, कुटकी, चेना, रामदाना, कुट्टू, ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी के बारे में व उनसे बने उत्पादों तथा पंचगव्य, बीजामृत, जीवामृत तथा संजीवक, अग्नेयास्त्र, नीमास्त्र आदि के बारे में जानकारी ली। मत्स्य पालन विभाग के स्टॉल पर मछलियों को दिए जाने वाले फूड, पानी के ऑक्सीजन लेवल, पीएच लेवल व विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली। स्वयं सहायता समूहों के द्वारा बनाये गये एलोवेरा जूस, टॉयलेट क्लीनर, मसाले, शहद, हैण्डवास, रेडीमेट गारमेंट, मूंज उत्पाद, आचार, मुरब्बा, खिलौना, आचार, दलिया, शैम्पू, तेल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए खरीददारी भी की तथा पैकिंग गुणवत्ता को बढ़ाये जाने का सुझाव दिया। एक जनपद एक उत्पाद के तहत बनाये गये उत्पादों के फिनिशिंग पर विशेष ध्यान दिए जाने का सुझाव दिया। यूपीनेडा के द्वारा सोलर सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के शपथ पत्र पर हस्ताक्षर भी किए। बृज बिहारी इण्टर कालेज की छात्राओं तथा लोक गायिका रागिनी चन्द्रा द्वारा अपनी प्रस्तुती दी गयी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक श्री अशोक कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी श्री भोलानाथ कनौजिया, उप निदेशक कृषि श्री विनोद कुमार, पाण्डुलिपि अधिकारी श्री गुलाम सरवर सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

साहित्यकार चन्द्रमा सिंह कवि की पुण्यतिथि मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
हरहुआ। बैजलपट्टी स्थित हरहुआ के एस. आर. कान्वेंट,राजेश्वरी बालिका इण्टर कालेज, उड़िया बाबा इण्टर कालेज , एस. आर.प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल, चन्द्रमा सिंह महाविद्यालय की ओर से साहित्यकार,कवि बाबू चन्द्रमा सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह,चंद्रमा सिंह महाविद्यालय के डायरेक्टर बिजेंद्र नारायण सिंह, डॉक्टर कुमुद सिंह, डॉक्टर सीमा सिंह, डॉक्टर निपेन्द्र नारायण सिंह, डॉक्टर सर्वदेव सिंह सहित दर्जनों साहित्यकारों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं ने माल्यार्पण किया त् इस अवसर पर चन्द्रमा सिंह महाविद्यालय के डायरेक्टर बिजेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि स्वर्गीय श्री सिंह एक शिक्षाविद,सफल साहित्यकार एवं एक कवि थे उन्होंने पीला बल्ब, बाहों पर आकाश, पत्थर का शहर,जैसी दर्जनों पुस्तकों का लेखन कर समाज को एक नई दिशा दी डॉक्टर कुमुद सिंह ने कहा कि बाबू जी समाज की चलती फिरती पाठशाला थे जिन्होंने बालक एवम बालिका शिक्षा के साथ साहित्यकार और कविता के क्षेत्र में सफल कार्य किए त् प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने उक्त अवसर पर कहा कि बाबू जी एक ऐसे स्तंभकार थे जिन्होंने अपनी लेखनी शक्ति से समाज तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नई दिशा दी इनकी रचनाओं को आत्मसात करने से एक नई ऊर्जा मिलती है इस अवसर पर डॉक्टर सर्वदेव सिंह, डॉक्टर निपेंद्र नारायण सिंह,विद्यालय की सहप्रबंधिका डॉक्टर सीमा सिंह,संतोष विश्वकर्मा, कुहेस जी, शेरबहादुर,विमल जी, जाह्नवी शर्मा,आशा यादव,पूनम सिंह, सिरिशकांत पांडेय, स्नेहलता पांडेय, कुलदीप सिंह सहित दर्जनों शिक्षिको ने विचार रखे कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह ने किया।

गणतंत्र दिवस पर परेड में शामिल होने हेतु दो एसीपी बनी ट्रेनर

(आधुनिक समाचार सेवा)
वाराणसी। पुलिस विभाग में अपने तेजतर्रार व्यक्तित्व के लिए चर्चित एसीपी प्रिया श्रीपाल और शिवा सिंह इस समय गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने वाले पुलिसकर्मियों को जमकर ट्रेनिंग दे रही हैं। यह दोनों एसीपी पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस पर अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन और योगदान देने के लिए मशक्कत के साथ अपने सिपाहियों को प्रशिक्षित कर रही हैं।जैसा कि गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन ग्राउंड पर भव्य परेड कार्यक्रम में इन सिपाहियों के अपने कौशल का महत्वपूर्ण स्थान होता है।इसी परिपेक्ष्य में इन दोनों तेजतर्रार एसीपी को लगाया गया है कि वे अपने सिपाहियों को पूर्ववत अभ्यास कराते हुए उन्हें कौशल प्रदान करें।

रेलवे के म्यूजियम मे मासूम बच्चो ने उठाया लुप्त

(आधुनिक समाचार सेवा)
गोरखपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समाज में बालिकाओं के सशक्ति करण एवं उनके सामने आने वाली असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को ''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' के रूप में मनाया जाता रहा है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर रेल म्यूजियम में मंगलवार को बेटियों को एक अभिभावक के साथ निःशुल्क प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर 527 बालिकाओं ने अपने अभिभावक के साथ रेल म्यूजियम का आनन्द लिया।''राष्ट्रीय बालिका दिवस'' पर सभी रेल कर्मियों के मोबाइल

पर बेटियों को समर्पित संदेश प्रसारित किया गया। इसका प्रचार-प्रसार रेलवे के प्लेटफार्मों एवं अन्य स्थानों पर टेलीविजन पोस्टर व बैनर आदि के माध्यमों से किया गया।इसकी जानकारी पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्कअधिकारी ने दी।

बलिया मे यमराज बनी कार हादसे मे दो टुकड़े मे तड़पती रही इंसानी रूह

(आधुनिक समाचार सेवा)
बलिया। (यूपी)शीतल निर्भीक।खुशी का पल कब गम मे तब्दील हो जाऐ यह किसी को पता नही। बहन की मांगलिक रस्म के महज 48 घंटे



पहले उठ गई भाई की अर्थी।विधि के विधान ने ऐसा बनाया पल की परिवार और रिश्तेदार से दूर मुर्दा घर मे वह भी शरीर से गर्दन अलग रखा हो। ठीक ऐसा ही दिल को दहलाने वाली खूनी सड़क हादसे का शिकार हुए देवरिया जनपद के राम दयाल चौरसिया के 33 वर्षीय पुत्र रमाशंकर चौरसिया जिनकी उभांव के मुख्य मार्ग पर ऐसी सड़क हादसे मे मौत हुई की शरीर अलग और गर्दन 10 मीटर दूर जाकर कुछ पल के लिए अलग-अलग शरीर का अंग तड़पते नजर आया।बलिया मे यमराज बनी कार हादसे मे दो टुकड़े मे तड़पती रही इंसानी रूह! इस खुनी सड़क हादसे की लाइव विडियो वायरस होकर नगर क्षेत्र को गमगीन कर कठोर दिल को भी दहला दिया। इस खूनी सड़क हादसे के संबंध मे बताया जाता है कि पड़ोसी जिला देवरिया के गौरीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत बनकटी गांव निवासी रमाशंकर के सभी बहन की शादी अगले 1 फरवरी को शादी थी उसी शादी के उपरान्त महज 48 घंटे पहले 27 जनवरी को तिलक की रिश्मे थी। उसी मांगलिक समारोह का निमंत्रण कार्ड लेकर वाइक सवारी से उत्तर-प्रदेश के बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र के देवरिया-बलिया मुख्य मार्ग उभांव मस्जिद के समीप आज मंगलवार को करीब एक बजे दिन मे पहुंचे की मौत बन सामने से तेज रफ्तार आ रही कार ने मृतक की गर्दन को रौंदते हुऐ उसके शरीर से अलग दस मीटर दूर विखेर कार चालक तेजी से भागने मे सफल हो गया।बाइक सवार की गर्दन शरीर से अलग होकर कुछ पल के लिए जमीन पर तड़पने लगी। जिसे देखकर राहगीरो और मौके पर मौजूद लोगो की रूह तक कांप गया। इन दिनों आये दिन हो रही खूनी सड़क हादसे की बचाव के लिए अभी कल सोमवार को हजारो की संख्या मे मानव श्रृंखला जागरूकता अभियान का शपथ एसडीएम दीपशिखा सिंह ने दी थी।महज 20 घंटे के दरमियान उभांव मस्जिद के पास यह हृदय विदारक खूनी हादसे ने राहगीरो के रौंगटे खड़े कर दिए।बिडम्बना इस बात की है कि मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले गांव के पास के अब सड़क से गतिअवरोधक लुप्त हो गया प्रशासन ने सड़क बनाने के दौरान पहले बने गतिअवरोध को हटवा दिया। काश! यदि उभांव मे भी गतिअवरोधक बना रहा होता तो मृतक की जान बच सकती थी। मौत की कार मे 10 मीटर घसीट गर्दन हुई अलग।

तेरहवीं में भोज की जगह पर्यावरण संरक्षण एवं गरीबों की सेवा का लिया संकल्प

(आधुनिक समाचार सेवा)
हरहुआ। विकास खंड के आयर ग्राम पंचायत में अशोक कुमार यादव ने अपने पिता की तेरहवीं का बहिष्कार करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं गरीबों में अन्न वितरण कर सेवा का संकल्प लिया। तेरहवीं के दिन मंगलवार को आम और लीची का पेड़ लगाया। शोक सभा का आयोजन में अपने पिता के तेरहवीं पर अशोक कुमार यादव ने कहा कि आम और लीची का पेड़ बहुवर्षी होता है। जो कार्बन डाई आक्साइड को अवशोषित कर जीवन दायिनी आक्सीजन देता है। जिस तरीके से पेड़ो की कटाई घरों का निर्माण हो रहा है लोगो को आक्सीजन की कमी हो रहीं है। आने वाली पीढ़ी को आक्सीजन उपलब्ध रहे सभी लोगो को पेड़ लगाना चाहिए। विजय बहादुर यादव ने कहा कि जरूरत मंदो को अन्न का दान दिया जाना चाहिए। ईश्वर चंद पटेल ने कहा कि अंबेडकर जी ने बहुत पहले इसका विरोध किया था। लोगो को जागरूक किया था। रामबालक यादव ने कहा कि कुरीति चाहे जिस धर्म की हो खत्म हो जाना चाहिए। लालजी यादव, दिनेश यादव गायक, राजू मौर्य, गुज्जन यादव ग्राम पंचायत सदस्य मनोज यादव आदि लोगो ने विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश मौर्य ने किया। संचालन आर डी यादव ने किया।

रामचरितमानस पर टिप्पणी कर फंसे स्वामी प्रसाद,दर्ज हुई एफआईआर

(आधुनिक समाचार सेवा)
लखनऊ। सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य रामचरितमानस पर

विवादित टिप्पणी करके कानूनी मुश्किल में फंस गए हैं। स्वामी प्रसाद के खिलाफ राजधानी लखनऊ के ऐशबाग निवासी शिवेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।स्वामी प्रसाद के खिलाफ आईपीसी की धारा 295 ए ,298, 504, 505(2),153 ए के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। स्वामी प्रसाद के विवादित टिप्पणी को लेकर भाजपा सपा पर हमलावर हो गई है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य सपा सरकार के भोंपू हैं।अखिलेश यादव बताएं कि स्वामी प्रसाद के बयान पर उनका क्या मत है। इस बयान से करोड़ों रामभक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। यदि अखिलेश यादव स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान से सहमत नहीं हैं तो वह सपा से निष्कासित होंगे और यदि सहमत हैं तो स्वामी सपा में बने रहेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा शासन में ही राम भक्तों पर गोलियां चलाईं गई थी। बिहार में लालू की पार्टी के नेता जो काम कर रहे हैं वही काम सपा के लोग कर रहे हैं।

लखनऊ बिल्डिंग हादसे से जुड़े सपा नेता के बेटे की गिरफ्तारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
लखनऊ। मेरठ से हिरासत में सपा विधायक शाहिद मंज़ूर के बेटे नवाजिश को पुलिस ने किया गिरफ़्तार घण्टों चली नवाजिश से पूछताछ, पूछताछ करने के बाद नवाजिश को गिरफ़्तार कर के लखनऊ के लिए रवाना हुई मेरठ पुलिस नवाजिश और तारिक ने किया था यज़दान बिल्डर से एग्रीमेंट,ज़मीन नवाजिश के नाम पर.. तारीक और फ़ाहद की पुलिस कर रही तलाश. नवाजिश की बहन फ्लैट में रहती है..तारिक़ कि लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

माघ मेला पुलिस का एक और सराहनीय कार्य

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज । माघ मेला के संगम तट पर अपने परिवार के संग स्नान करने आयी राजकुमारी केसरवानी पत्नी राम प्रकाश केसरवानी निवासी शिवकुटी प्रयागराज की निवासी हैं। राजकुमारी केसरवानी का पैसों व कागजात से भरा पर्स महावीर संगम मार्ग के आस पास कहीं गिर गया। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिला, निराश होकर राजकुमारी केसरवानी के द्वारा थाना संगम में अपना पर्स खो जाने की सूचना दी गई। संगम थाना प्रभारी द्वारा ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारीगणों व मेला कण्ट्रोल रूम को सूचित किया गया कि श्रीमती राजकुमारी केसरवानी का 02 हजार रुपये व पर्स कही खो गया है सूचना मिलने पर तत्काल सूचित करें। संगम नोज पर भ्रमण सील महिला थाना प्रभारी मय हमराह को एक लावारिस पर्स संगम मार्ग के पास मिला। मौके से महिला थाना प्रभारी द्वारा मेला कण्ट्रोल रूम सूचित किया गया, और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से अनाउंस करवाया गया। की उक्त महिला का पैसा व पर्स संगम चौकी पर महिला थाना प्रभारी के पास है आप आकर अपना पैसा और पर्स ले जायें। श्रीमती राजकुमारी केसरवानी द्वारा अपना नाम बार बार पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम सुनाई पड़ने पर आस पास होने पर तुरंत संगम चौकी

पहुंचकर अपना पैसा और पर्स खो जाने की बात महिला थाना प्रभारी से कही।महिला थाना प्रभारी द्वारा 02 हजार रूपये व कागजात से भरा पर्स सम्बन्धित को पहचान कराकर वापस किया गया। मौके पर पैसा व पर्स पाकर श्रीमती राजकुमारी केसरवानी ने पुलिस के मानवीय कार्य की प्रसंशा की और आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र ध्झए द्वारा पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रसंशा की और महिला थाना प्रभारी मय हमराह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।
➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
➢ डेटा इंट्री आपरेटर
➢ फायर सेफ्टी
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
➢ इलेक्ट्रीशियन
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं
➢ इलेक्टिक मैकैनिक
फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर
Apply Online: www.nainitti.com
Mail us at – info@nainitti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

बलात्कार के आरोपी विधायक को एडीजे कोर्ट ने तीन घण्टे कटघरे में खड़ा किया

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। एडीजे सेकंड की अदालत ने तक़रीबन 3 घण्टे तक बलात्कार के आरोपी बीजेपी विधायक राम दुलारे को कटघरे में खड़ा रखा। 8 तकरीबन 1 बजे एडीजे सेकंड राहुल मिश्रा की अदालत में पेश हुए। नाराज़ जज ने तकरीबन 3 घण्टे कटघरे में बलात्कार के आरोपी बीजेपी विधायक को खड़ा कर गए। आज का दिन विधायक जी के साथ वह काला सच था, जिसे वह भुलाना चाहेंगे तो भी ज़िन्दगी भर याद रहेगा। वहीं पीड़िता और उसके परिजनों की पीड़ा पर आज के गंभीर आरोप लगाकर इंसाफ की मांग की। इसपर भी बीजेपी सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगी। विवश होकर देश की शान यौन शोषण का शिकार खिलाड़ी महिलाओं ने दिल्ली के जंतर मंतर पर पूस की रात ठिठरती सर्दी में धरने पर बैठने को विवश हो गई। उनके सपोर्ट में तमाम पुरुष खिलाड़ियों ने भी धरने में बैठकर सहयोग प्रदान किया। अब बेटी बचाओं का यह सिलसिला उत्तर प्रदेश के छोटे जनपदों तक भी पहुंच गया। एक हफ्ता पूर्व भदोई जिले के भाजपा नेता ने तो हद ही पार कर दी। अपनी बेटी की नाबालिग सहेली को प्रेम जाल में फंसाकर घर से लेकर रफूचक्कर हो गए। फिलहाल भाजपा ने ऐसे कर्मकांडी नेता को पार्टी से निष्कासित कर अपनी पीठ थपथपा ली। परन्तु पॉक्सो एक्ट में फंसे नाबालिग किशोरी के साथ डरा धमकाकर बलात्कार करने के आरोपी दुद्धी विधायक राम दुलारे के साथ भाजपा सरकार क्या करेगी। इसपर रामदुलारे का कहना है कि वह बेकसूर हैं, उन्हें फर्जी फंसाया गया है। मामला 20014 का है, जब रामदुलारे प्रधानपति थे। उन्हीं के गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि रामदुलारे लगातार डरा धमकाकर मेरी नाबालिग बहन के साथ दुराचार कर रहे हैं। इस मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस ने जांच की। जांचोपरान्त पुलिस ने सबूत सहित चार्जशीट कोर्ट में पेश कर दी। अब आगे इस प्रकरण में क्या होगा, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। रामदुलारे ने 41 वर्षों बाद पहली बार दुद्धी से भाजपा को जीत दिलाई थी। उन्होंने दिग्गज नेता पूर्व मंत्री विजय सिंह को तकरीबन 6723 मतों से पराजित कर पहली बार भाजपा को दुद्धी विधानसभा से जीत का स्वाद चखाया था। 404 दुद्धी विधानसभा में आजादी से लेकर 2022 विधान सभा से पूर्व भाजपा का कमल नहीं खिल सका था। दुद्धी विधायक रामदुलारे का ब्लैक एंड व्हाइट व्यक्तित्व भाजपा के गले के नीचे नहीं उतर पा रहा है।

वर्ष पूर्व नाबालिग किशोरी को डरा धमकाकर लगातार बलात्कार करने के आरोप में एडीजे सेकंड राहुल मिश्रा की अदालत ने दुद्धी विधान सभा से भाजपा विधायक रामदुलारे के विरुद्ध अरेस्टिंग वारंट जारी किया था। इस संगीन प्रकरण में अदालत लगातार बीजेपी विधायक को सम्मन जारी कर रही थी। परन्तु विधायक शासन सत्ता के नशे में चूर होकर अदालत के तलबी आदेश की अवहेलना कर रहे थे। दो बार उन्होंने अदालत में हाज़िर न होने के लिए मेडिकल भी ज़रिये वकील अदालत में पेश किया। जबकि इसी दौरान विधायक जी की तस्वीर पार्टी बैठकों में सोशल मीडिया पर वायरल होती रही। लगातार अदालत के आदेशों की अवहेलना करने से नाराज़ एडीजे सेकंड राहुल मिश्रा की अदालत ने एसपी को सख़्त निर्देश जारी किया कि बलात्कार के आरोपी बीजेपी विधायक रामदुलारे को अरेस्ट करके अदालत में पेश किया जाये। इस आदेश से भयभीत होकर विधायक ने दिनांक 23 जनवरी 2023 को दुपहर सन्देश स्पष्ट कर दिया कि लोकतंत्र में कानून का उल्लंघन करने की इजाज़त किसी को नहीं है। चाहे वह शासन सत्ता का ही जनप्रतिनिधि क्यों न हो। 3 घण्टे कटघरे में खड़े रहने के बाद अदालत से बाहर आने के बाद बिजेपी विधायक के चेहरे पर हवाईयां उड़ रही थी। उनकी मनोदशा देखकर लगा कि अब आया है ऊंठ पहाड़ के नीचे। अदालत से बाहर आये विधायक जी मीडिया को देखकर खूंटा तोड़ाकर बैल की तरह भागते नज़र आये। मीडिया ने उनके ऊपर प्रश्नों की बौछार कर दिया। परन्तु अदालत ने उनकी हेकड़ी इस कदर निकाली कि उनके लब सील गये थे। अदालत से निकले विधायक जी की मनोदशा इस कदर बिगड़ गई थी कि उन्हें जाना था जापान पहुंच गए रंगून। तब सुरक्षा में लगे पुलिस के जवान ने बौराये विधायक जी का हाथ पकड़ कर वापिस पीछे खड़ी कार पर लेजाकर बैठाया। फिर आनन फानन में विधायक जी अपने वाहनों के काफ़िले के साथ अदालत परिसर से रफूचक्कर हो का यह उजला सच फस्ट एड की तरह इंसाफ की आस बन कर आया, जिसे वह हमेशा याद रखेंगे। जब भी लीडर्स शासन सत्ता के मद में चूर होकर कानून को रक्कासा के पांव का पाज़ेब समझने की भूल करने लगते हैं। तब तब अदालतें उनके नाक में नकेल डालकर सन्मार्ग के खूंटे में बांधने का काम करती हैं। कब से भाजपा सरकार हलक फाड़ फाड़कर बेटी बचाओ!!बेटी बचाओ चिल्ला रही है। अब इसमें भाजपा सरकार का क्या कुसूर है। अब बेटियों को समाज नहीं बचा पा रहा है तो इसमें समाज का ही कुसूर है। देश की राजधानी दिल्ली में नव वर्ष के मौके पर नशे में धुत बदमाश युवकों की टोली ने दिल्ली की सड़कों पर रात भर कार में एक लड़की को इस कदर खींचा कि उसके कपड़े पूरी तरह से तन से जुदा होकर ख़ाक में मिल गए। इसके बाद रही सही कसर बीजेपी के क़द्दावर सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पूरा कर दिया। उनके ऊपर देश को खेल में मेडल जिताने वाली महिला खिलाड़ियों ने यौन शोषण

जनपद सोनभद्र - राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। जिलाधिकारी महोदय चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आदर्श इन्टर कालेज रावर्टसगंज मे स्माइल बैलून के द्वारा कार्यक्रम का शुरूआत किया गया जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा बताया गया बालिकाओं एवं महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए शिक्षा पर विशेष बल देने को प्रेरित करने के साथ ही साथ यह भी कहा गया कि अत्यंत खेद का विषय है जो आजादी के इतने वर्ष बाद भी हमें महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने हेतु अभियान की आवश्यकता पड़ रही है। हमें बालिका की शिक्षा की दिशा में हर संभव प्रयास करना चाहिए जिससे कि समाज में होने वाले बेटा एवं बेटी के भेद भाव को समाप्त किया जा सके मौकेपर महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी, साधना मिश्रा जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, रोमी पाठक, ओ.आर. डब्ल्यू शेषमणि दुबे, सुधीर कुमार शर्मा बाल कल्याण समिति के सदस्य अमित सिंह चन्देल एवं विद्यालय के बालक/बालिका अध्यापकगण आदि कार्यक्रम में कुल 80 लोग उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। साथ ही अपने 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सदर एसडीएम को सौंपा। सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक के नेतृत्व में अपने 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सदर एसडीएम को सौंपा। जिसमें अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने, 5 लाख रूपये स्वास्थ्य बीमा निःशुल्क कराए जाने के लिए आयुष्मान योजना से जोड़े जाने, अधिवक्ताओं को पेंशन की व्यवस्था दिलाए जाने के साथ ही वकीलों के बैठने के लिए चैंबर बनवाए जाने की मांग शामिल रही। ज्ञापन देने वालों में आनंद मिश्र, रमेश राम पाठक, गोविंद मिश्र, संजय पांडे, अखिलेश मिश्र, सुरेश सिंह, अरुण सिंघल, धीरज पांडे, शारदा प्रसाद मौर्य, दिनेश पाठक, राजेंद्र चौधरी आदि शामिल रहे।उधर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल का छह सूत्रीय मांगों में प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा कराया जाए अथवा आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लंबित दावों का यथाशीघ्र भुगतान कराया जाए। जिले में अधिवक्ताओं के चेंबर का निर्माण कराया जाए। अधिवक्ता और पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धन राशि दिया जाए। इसके अलावा 60 वर्ष से ऊपर आयु के लगभग 40 हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू की जाए और प्रदेश में एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। महामंत्री विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट ने कहा कि आज के दिन बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। 30 जनवरी को राज्य के सभी जिलों के अधिवक्ता जिला मुख्यालय पर धरना और प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा सात फरवरी को एक दिन के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे और कचहरी परिसर में प्रदेश सरकार का पुतला फूंकेगे और अंतिम चरण में 15 फरवरी को प्रदेश के सभी जिलों के अधिवक्ता लखनऊ में एकत्रित होकर विधानसभा का घेराव करेंगे। विरोध प्रदर्शन में हीरालाल पटेल, राजबली चौबे, राजेश सिंह, दयाराम यादव, अतुल प्रताप पटेल, पवन कुमार सिंह, प्रदीप कुमार,महेंद्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार यादव, मृगराज सिंह, अरुण कुमार सिंघल, विरेंद्र कुमार सिंह, फूल सिंह एडवोकेट आदि अधिवक्ता मौजूद थे ।

दुष्कर्म के दोषी संतोष बैगा को 20 वर्ष की कैद

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। साढ़े चार वर्ष पूर्व 11वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी संतोष बैगा को 20 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बीजापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 12 अगस्त 2018 को बीजपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 11 वर्षीय नाबालिग बेटी जो कक्षा 5 की छात्रा है को गाना सुनाने के बहाने दोपहर दो बजे बीजपुर थाना क्षेत्र के बेलहवा टोला डोइहर निवासी संतोष बैगा पुत्र बिहारी बैगा ने बेटी को अपने घर ले जाकर घर के कमरे का दरवाजा बंद करके उसकी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। दर्द से चिल्लाने पर उसके मुंह को गमछा से बांध दिया। यह बात बेटी ने अपनी मां से बताई। जब शोरगुल सुनकर वह गया तो पत्नी ने सारी बात बताई। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी संतोष बैगा को 20 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

चेतक कम्पनी कि लापरवाही के चलते एक बार फिर हुआ बडा हादसा

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। लम्सम तीन बजे के आसपास फ्लाई ओवर से गिर कर एक अज्ञात वक्ति कि मौत है गई बनारस से शक्तिनगर हाईवे मार्ग पर आए दिन घटना हो रही है जिसमे से कुछ घटना दुर्घटना का जिम्मेदार चेतक कम्पनी ही है अगर फ्लाई ओवर के रेलिंग के उपर जाली लगाई गई होती तो आज जो दुर्घटना हुई है वह नही होती स्वर्णजयंती चौराहे पर बाइक सवार अज्ञात व्यकि कि अचानक फ्लाईओवर से गिर कर मौत हुई या किसी गाड़ी ने धका मारा इसका पता नही चल पाया है।

सड़क सुरक्षा नियमो का पालन कर दूसरे को भी सुरक्षित रखे कैप्टन रोहित

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। हिंडालको रेनू सागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष ऊर्जा के पी यादव व मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह के दिशा निर्देशन में चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रेनू सागर प्रेक्षागृह में विद्यालय के बच्चों व अध्यापकों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल व आदित्य बिरला इंटरमीडिएट कॉलेज के ढाई सौ बच्चों व अध्यापकों ने भाग लिया, कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम आदित्य बंदना से हुई तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अधिकारी कैप्टन रोहित देव फरासी ने उपस्थित सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात का पालन करने तथा सुरक्षित यात्रा के लिए जागरूक किया, उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि जब हम यात्रा करें ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें इससे हम सुरक्षित रहकर दूसरे को भी सुरक्षित रख सकते हैं, यात्रा के दौरान सुरक्षा संकेत का जरूर ध्यान रखें उन्होंने वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने की सभी से अपेक्षा की और अंत में उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा की जानकारी हो सके तत्पश्चात बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जो अत्यंत सराहनीय रहा, ट्रेनिंग वर्कशॉप में दुर्घटनाओं से बचने के उपाय सुझाए गए घ् कार्यक्रम के अंत में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में विजयी हुए बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया इसी क्रम में दिसिता महिला मंडल और घरेलू महिलाओं को भी सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया,तथा सपथ दिलाई गयी जिसका महिला मंडल ने रेनूसागर प्रबंधन की प्रशंसा भी की तथा कहा की इस प्रकार का ट्रेनिंग वर्कशॉप बार बार होना चाहिए उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील बैलवार कर्नल जयदीप मिश्रा अरविन्द सिंह,मुकेश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे ।

रा0 लो0 अ0 मे अधिकाधिक प्रकारणों के निस्तारण को लेकर जनपद के अधिकारीयों के साथ बैठक सम्पन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 11- 2 -2023 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारणार्थ आज दिनांक 24 -1- 2023 को विशाल सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी सोनभद्र, शेषनाथ चौहान डीडीओ/ डीसी मनरेगा सोनभद्र आशीष कुमार खनन अधिकारी सोनभद्र एवं वरिष्ठ सहायक डी0 डी0ओ0 / डीसी मनरेगा सोनभद्र के साथ विचार विमर्श एवं परिचर्चा प्रभारी सचिव (पूर्णकलिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ अपर जनपद न्यायाधीश एफ0टी0सी0 माननीय सत्यजीत पाठक के विश्राम कक्ष में हुई। प्रभारी सचिव द्वारा सभी से आग्रह किया गया कि यह आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर उसकी सूची प्राधिकरण के कार्यालय में दिनांक 27- 1- 2023 को प्रेषित करना सुनिश्चित करें सभी संबंधित उपरोक्त अधिकारीगण से कार्य निष्पादन में आने वाली समस्याओं के बारे में पूछताछ की गई। डी0डी0ओ0/ डीसी मनरेगा सोनभद्र डीसी मनरेगा विभाग से संबंधित लगभग 10,000 प्रकरणों को निस्तारित किए जाने का प्रयास किया जाएगा आश्वासन दिया गया जिला पंचायत राज अधिकारी सोनभद्र विशाल सिंह के द्वारा भी अपने विभाग से संबंधित लगभग 500 प्रकरणों को निस्तारित किए जाने का प्रयास किया जाएगा आश्वासन दिया गया। इसी तरह खनन अधिकारी सोनभद्र द्वारा भी अपने विभाग से संबंधित लगभग 500 प्रकरणों को निस्तारित किए जाने का प्रयास किया जाएगा आश्वासन दिया गया। आज की बैठक आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के पूर्व पुनः अंतिम रूपरेखा देने के उद्देश्य से आहूत करने के निर्देश के साथ समाप्त हुई।उपरोक्त जानकारी प्रभारी सचिव (पूर्ण कालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ अपर जनपद न्यायाधीश एफ0 टी0 सी0 सोनभद्र माननीय सत्यजीत पाठक के द्वारा दी गई।

बालिका दिवस /यूपी दिवस पर बीसी सखियों को वितरित हुई साड़ी

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। यूपी दिवस और बालिका दिवस पर सदर ब्लाक परिषद सभागार में मंगलवार को एनआरएचएम द्वारा बीसी सखियों में साड़ी वितरित कर बताई गई उपलब्धियां। डीसी एनआरएलएम एके जौहरी व सदर ब्लाक प्रमुख अजित रावत द्वारा दर्जनों बीसी सखियों को साड़ी वितरित करते हुए यूपी दिवस की जानकारियां बताएं ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने लोगो को सम्बोधित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस मनाने की शुरुआत 2017 में प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद से हुई। इस आयोजन से यूपी की सही तस्वीर उभरकर सामने आ रही है। पिछले पांच वर्षों की विकास यात्रा में यूपी की पहचान बदली है। 2017 के पहले प्रदेश दंगों के प्रदेश के रूप में जाना जाता था। अब प्रदेश की पहचान एक्सपोर्ट प्रदेश के रूप में हो रही है। इस मौके पर बीडीओ उमेश सिंह एन आर एलएम से एम जी रवि ,भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह , किरन तिवारी कर्मचारी संघ अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रामपुर बरकोनिया पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह, के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त कल्लू उर्फ शर्मा पुत्र रोपन, निवासी ग्राम करौंदिया, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 30 वर्ष, हाल पता- ग्राम सोमा, थाना मांची, जनपद सोनभद्र समय लगभग 10.10 बजे ग्राम सोमा, थाना मांची, जनपद सोनभद्र, से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गयी । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः**- 1. कल्लू उर्फ शर्मा पुत्र रोपन, निवासी ग्राम करौंदिया, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 30 वर्ष । **गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीमः**- 1. उपनिरीक्षक त्रिवेणी सिंह, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र । 2. आरक्षी मुनेन्द्र सिंह, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र ।

5 किग्रा नाजायज गाजे के साथ तीन अभियुक्तो कि हुई गिरफ्तारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। अधीक्षक सोनभद्र डा0 यशवीर सिहं के कुशल निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.01.2023 को थाना बभनी पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तगण ङ 1.अनवार अहमद पुत्र अफजाल अहमद, निवासी भरवारी, थाना कोखराज, जनपद कौशांबी 2. फैजान अहमद पुत्र मोहम्मद सेफ, निवासी उजिनी, थाना पुरामुफ्ती, जनपद कौशांबी, 3.नियाज पुत्र लल्ले, निवासी बड़होर, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र को ट्रक नम्बर यूपी 70 9734 से 05 किग्रा नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बभनी पर मु0अ0सं0 09/ 2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गयी । **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण**- 1. अनवार अहमद पुत्र अफजाल अहमद, निवासी भरवारी, थाना कोखराज, जनपद कौशांबी । 2. फैजान अहमद पुत्र मोहम्मद सेफ, निवासी उजिनी, थाना पुरामुफ्ती, जनपद कौशांबी । 3. नियाज पुत्र लल्ले, निवासी बड़होर, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र । **बरामदगी का विवरण**- 1. कुल 05 किग्रा नाजायज गांजा बरामद । **पुलिस टीम का विवरण**- 1. प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र । 2. उ0नि0 रामसिहासन शर्मा, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र मय हमराह ।

भारत के खिलाफ करारी हार से तिलमिलाए कप्तान टोम इन्हें हराया हार का जिम्मेदार

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज को 3-0 से अपने नाम की। बता दें कि इंदोर के होल्कर

क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 386 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूज़ीलैंड टीम 295 रनों पर ही ढेर हो गई और भारत ने इस तरह 90 रनों से मैच अपने नाम किया। सीरीज में करारी हार के बाद न्यूज़ीलैंड के कप्तान टॉप लेथम काफी निराश नजर आए। इस दौरान उन्होंने क्या कहा आइये जानते हैं दरअसल, वेज्ञन विलियमसन की गैर मौजूदगी में टॉम लेथम को न्यूज़ीलैंड टीम की कमान सौंपी गई थी। लेकिन, वह कप्तानी में बुरी तरह फ्लॉप साबित हुए। भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में न्यूज़ीलैंड एक मैच भी नहीं जीत पाया और भारत ने 3-0 से सीरीज अपने नाम की। तीसरे वनडे मैच में कीवी टीम की खराब गेंदबाजी पर कप्तान टॉप लेथम ने कहा, न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे ने भारत के खिलाफ इंदौर के होल्कर स्टेडियम में शानदार शतक जड़ा। ये शतक उनके वनडे करियर का तीसरा शतक रहा, जिसे उन्होंने 71 गेंदों में पूरा किया। कॉन्वे ने 100 गेंदों का सामना करते हुए 138.00 की स्ट्राइक रेट से 138 रन बनाए। बता दें कि शुरुआती दो झटकों के बाद न्यूज़ीलैंड टीम काफी मुश्किल में दिखाई दे रही थी, लेकिन कॉन्वे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा और टीम को एक मजबूती दिलाई। कॉन्वे के अलावा हेनरी निकल्स (42), मिचेल सैंटनर (34) रनों की पारी खेल पाए।

टीम इंडिया बना आइसीसी ओडीआई में बादशाह, न्यूजीलैंड को हुआ तगड़ा नुकसान

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड टीम को तीसरे वनडे मैच में 90 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की। इंदौर में खेले गए आखिरी मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 385 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड 295 रनों पर ही ढेर हो गई। भारतीय टीम की तरफ से रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने शतकीय पारी खेली। वहीं, गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर और कुलदीप यादव का जलवा रहा। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने वनडे रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई है।बता दें कि न्यूजीलैंड टीम भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले आईसीसी वनडे रैंकिंग पर टॉप पर थी। वहीं, भारत ने पहला वनडे 12 रनों से अपने नाम किया। दूसरे मैच को 8 विकेटों स जीता और तीसरा वनडे 90 रनों से अपने नाम करने के साथ ही न्यूजीलैंड को नंबर-1 से भी हटा दिया भारतीय टीम को यह सीरीज जीतने के साथ बड़ा फायदा हुआ और 114 रेटिंग प्वाइंट के साथ भारत आईसीसी वनडे रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई है। वहीं, दूसरे नंबर पर इंग्लैंड टीम 113 रेटिंग के साथ मौजूद है। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया, तो न्यूजीलैंड टीम 11 रेटिंग प्वाइंट के साथ चौथे नंबर पर पहुंच गई। बता दें कि वनडे की तरह टी-20 फॉर्मेट में भी टीम इंडिया टॉप पर मौजूद है। वहीं, टेस्ट में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे नंबर पर है। ऐसे में अगले महीने खेले जाने वाली बॉर्डर गावस्कर सीरीज में भारत के पास शानदार प्रदर्शन कर टेस्ट में नंबर1 बनने का सुनहेरा मौका है।

न्यूजीलैंड का क्लीन स्वीप करके नंबर 1 बना भारत, इंदौर में 100 प्रतिशत रिकॉर्ड कायम

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज को 3-0 से अपने नाम की। बता दें कि इंदोर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया

तीसरा मुकाबला काफी रोमांचक रहा। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 386 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूज़ीलैंड टीम 295 रनों पर ही ढेर हो गई और भारत ने इस तरह 90 रनों से मैच अपने नाम किया दरअसल, भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच खेले गए तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने शानदार शतकीय पारी खेली और टीम को एक शानदार शुरूआत दिलाई। रोहित ने 101 रनों की पारी, तो गिल ने 112 रनों की आतिशी पारी खेली और न्यूज़ीलैंड टीम को इन बल्लेबाजों की पारी के चलते पहाड़ जैसा 386 रनों का लक्ष्य मिला न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज डेवॉन कॉन्वे ने भारत के खिलाफ इंदौर के होल्कर स्टेडियम में शानदार शतक जड़ा। ये शतक उनके वनडे करियर का तीसरा शतक रहा, जिसे उन्होंने 71 गेंदों में पूरा किया। बता दें कि शुरुआती दो झटकों के बाद न्यूज़ीलैंड टीम काफी मुश्किल में दिखाई दे रही थी, लेकिन कॉन्वे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा और टीम को एक मजबूती दिलाई बता दें कि तीसरे वनडे मैच में भारतीय गेंदबाजों का जलवा रहा। मैच में शार्दुल ठाकुर ने 6 ओवर में 7.50 इकॉनमी रेट से 3 अहम विकेट चटकाए। उनके साथ कुलदीप यादव ने भी 3 विकेट झटके। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 6.90 का रहा। युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट हासिल किए। वहीं, हार्दिक, वॉशिंगटन सुंदर और उमरान को एक सफलता मिली। भारतीय टीम इस जीत के बाद आईसीसी वनडे रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गई है।

बेन स्टोक्स को बनाया कप्तान, सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी को मिली जगह

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को साल 2022 के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को टीम का कप्तान बनाया गया है। भारत

की तरफ से केवल विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को जगह मिली है। पंत ने साल 2022 में 12 पारियों में 61.81 की औसत और 90.90 के स्ट्राइक रेट से 680 रन बनाए। 25 साल के पंत ने इस दौरान दो शतक और चार अर्धशतक जमाए। विकेटकीपिंग में भी पंत का प्रदर्शन अच्छा रहा। उन्होंने 23 कैच लिए और 7 स्टंपिंग की। स्टोक्स को टीम का कप्तान इसलिए बनाया गया है क्योंकि उन्होंने आक्रामक सोच से अपने देश के क्रिकेट में बड़ा बदलाव किया है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने 9 टेस्ट जीते। इस दौरान बल्ले से स्टोक्स ने दो शतक सहित 870 रन बनाए। उनकी औसत 36.25 की रही। वहीं गेंदबाजी में स्टोक्स ने 26 विकेट लिए, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 विकेट शामिल रहे। स्टोक्स के टीम साथी जॉनी बेयरस्टो और जेम्स एंडरसन को भी आईसीसी टीम में जगह मिली है।बेयरस्टो ने पैर की चोट से पहले शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 2022 की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक जमाकर की। इसके अलावा उन्होंने साल भर अपने प्रदर्शन से फैंस को प्रभावित किया। वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 9 टेस्ट में 36 विकेट लिए। बहरहाल, आईसीसी की टेस्ट टीम में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, पैट कमिंस और नाथन लियोन को जगह मिली। ख्वाजा ने साल 2022 में 67.50 की औसत से 1080 रन बनाए। लाबुशेन ने 56.29 की औसत से 957 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में टीम को टॉप पर पहुंचाया। तेज गेंदबाज ने 10 मैचों में 36 विकेट लिए। नाथन लियोन ने 11 टेस्ट में 29.06 की औसत से 47 विकेट लिए। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रेथवेट और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने आईसीसी टेस्ट टीम पूरी की। बाबर आजम ने चार शतक सहित 69.94 की औसत से 1184 रन बनाए।

आईसीसी की वनडे टीम में स्मृति और रेणुका को मिली जगह, चार खिलाड़ी टी20 में शामिल

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, ऑफ स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर को 2022 के लिए 'आईसीसी महिला

टी20 टीम ऑफ द ईयर' में शामिल किया गया। इस टीम की कप्तानी न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन को दी गई। सोमवार को आईसीसी ने इसकी जानकारी दी। वर्ष 2022 की आईसीसी महिला टी20 टीम में अन्य खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी, ऑलराउंडर एशलेग गार्डनर-तहलिया मैकग्राथ, पाकिस्तान की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर निदा दार, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और श्रीलंका की इनोका राणावीरा शामिल हैं। भारत की उपकप्तान स्मृति को आईसीसी महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर और आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए भी नामांकित किया गया है। उन्होंने 2022 में बल्ले से धूम मचा दी थी। 33 की औसत और 133.48 की स्ट्राइक-रेट से 594 रन बनाए। उन्होंने वर्ष के दौरान 21 पारियों में पांच अर्धशतक लगाए। स्मृति ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में दो अर्धशतक भी बनाए, जिससे भारत ने पाकिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ जीत हासिल करने में मदद मिली। वह महिला टी20 में वर्ष में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी के रूप में उभरीं। वहीं, दीप्ति शर्मा ने 2022 में 29 विकेट लिए, जो महिला टी20 में किसी भी गेंदबाज द्वारा संयुक्त-तीसरा-उच्चतम प्रदर्शन है। गेंद के साथ 18.55 की औसत से, दीप्ति ने केवल छह से अधिक की इकॉनमी दर से गेंदबाजी की, जबकि वर्ष में 370 रन बनाए। उन्होंने 136.02 के स्ट्राइक-रेट और 37 की औसत से रन बनाया, जो टी20 में उनके करियर के स्ट्राइक रेट 106.39 से काफी अधिक था। बांग्लादेश में महिला एशिया कप में उनके 13 विकेटों ने उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनाया। 2022 में, ऋचा टी20 में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया। 18 मैचों में, उन्होंने 259 रन बनाए, 13 छक्के लगाए और मध्य क्रम में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया। उनका सर्वश्रेष्ठ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में ब्रेबॉर्न स्टेडियम में आया, जब उन्होंने केवल 19 गेंदों में नाबाद 40 रन बनाए। रेणुका ने ढाया कहर रेणुका, 2022 के लिए आईसीसी महिला इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामांकित खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 23.95 के औसत और 6.50 की इकॉनमी रेट से 22 विकेट लिए। वह साल भर में सात टी20 मैचों में आठ विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइनअप के लिए खतरे की घंटी बनी रहीं। राष्ट्रमंडल खेलों और एशिया कप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा, उन्होंने 11 मैचों में केवल 5.21 की इकॉनमी से 17 विकेट चटकाए।

हैदराबाद ब्लैक हाक्स टीम के सह मालिक बने सुपरस्टार विजय देवरकोंडा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। दक्षिण भारत के युवा सुपरस्टार विजय देवरकोंडा प्राइम वालीबाल लीग में हैदराबाद ब्लैक हाक्स टीम के सह मालिक बन गए हैं। देवरकोंडा भारत की शीर्ष पेशेवर वालीबाल टीमों में से एक और तेलुगु

भाषी राज्यों के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में इस लीग के साथ जुड़े हैं। ब्लैक हाक्स के प्रमुख मालिक अभिषेक रेड्डी कंकनला ने कहा,'सह मालिक और ब्रांड एंबेसडर दोनों के रूप में विजय के हमारे साथ जुड़ने से हम उत्साहित हैं। वह वास्तव में हमारे ब्रांड को आगे बढ़ा सकते हैं। वह इसे अगले स्तर पर ले जा सकते हैं। उनके रहते हुए दुनिया भर में तेलुगु लोगों की भावना और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के रूप में हमारे विजन को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम आगे बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। हम आने वाले समय को लेकर रोमांचित हैं।'देवरकोंडा ने कहा, 'ब्लैक हाक्स एक स्पो?र्ट्स टीम से अधिक है। हमारी टीम और हमारे ब्रांड को भारत के सभी हिस्सों और उससे आगे ले जाने के लिए जो भी करना होगा मैं करुंगा।

राशिफल




मेष-:अपने मित्र के साथ हुई गलतफहमी को शीघ्र सुलझाएं। अधिक विवाद से आप दोनों के संबंधों को हानि होगी। प्रमोशन होगा और सैलेरी भी बढ़ सकती है।

वृष-:व्यापार में अच्छा लाभ का योग आज बन सकता है। आप अपने साझेदार के साथ अच्छे व्यवहार के कारण अपने व्यापार को नई गति देंगे।

मिथुन-:आज आपका दिन शानदार रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आप थोड़ी-सी मेहनत करके अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

कर्क-:कर्क राशि वाले आज एक नई शुरुआत कर सकते हैं। सामाजिक रूतबा मिल सकता है। घर-परिवार या पड़ोस में कोई कठिन परिस्थिति बने तो सकारात्मक रहें।

सिंह-:आपके लिए आज का दिन काफी अनुकूल रहने की संभावना दिखाई दे रही है। परिवार के लोगों का तालमेल आपको आगे बढ़ने का हौसला देगा।

कन्या-:आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपको शाम तक किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

तुला-: आज आपकी योग्यता में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और जोखिम भरे कामों से दूर रहें। ऐसा कोई गैरज़िम्मेदाराना काम न करें जिसके लिए बाद में आपको पछताना पड़े।

वृश्चिक-:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

धनु-:यदि आप मानसिक रूप से तनाव को अपने ऊपर हावी होने देंगे तो आपको परेशानियां होंगी, अन्यथा स्थिति बढ़िया भी हो सकती है।

मकर-: करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की अनुभूति होगी। किसी जरूरी काम के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

कुंभ-:आज आप अपनी नयी सोच से अपने कार्यक्षेत्र में बहुत ही उन्नति हासिल करेंगे। आज आपका नए लोगों से संपर्क होगा और नए लोगों से मित्रता होगी।

मीन-:आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा और आने वाला दिन भी आज पर निर्भर करेगा, क्योंकि आज आपको कुछ ऐसे काम निपटाने हैं जो कि लंबे समय से अटके हुए हैं।

महेंद्र सिंह धोनी और कोहली ने केएल राहुल को दिया शादी का तोहफा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारत के ओपनर बल्लेबाज और विकेटकीपर केएल राहुल ने एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी से शादी कर

ली। 23 जनवरी को खंडाला में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। दोनों के परिवार और रिश्तेदारों सहित दोस्तों ने बधाइयां और उपहार दिए। उपहार देने वालों में दो नाम सबसे खास में से एक हैं। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने केएल राहुल को शादी का तोहफा दिया है भारत के क्रिकेटर केएल राहुल ने 23 जनवरी को लंबे समय से प्रेमिका अथिया शेट्टी से शादी की। उन्हें एमएस धोनी और विराट कोहली से शादी के तोहफे मिले। पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के दो पूर्व कप्तानों ने राहुल के लिए उनके इस खास दिन पर दो बेहद शानदार उपहारों पर 3.50 करोड़ रुपये खर्च किए।

बोपन्ना-मिर्जा ऑस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंचे

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां जेलेना

ओस्टापेंको और डेविड वेगा हर्नांडेज से वॉकओवर मिलने के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम ने मिश्रित टीम प्रतियोगिता में अभी तक एक सेट नहीं गंवाया है। वे अब तीसरी वरीयता प्राप्त डेसिरा क्रॉज्जिक और नील स्कूप्स्की और टेलर टाउनसेंड और जेमी मरे की जोड़ी के बीच क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। बोपन्ना और उनकी जोड़ीदार 10वीं वरीयता प्राप्त मैथ्यू एबडेन पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में बाहर हो गए थे, जबकि मिर्जा और उनकी कजाका जोड़ीदार एना डेनिलिना महिला युगल के दूसरे दौर में हार गई थीं। रामकुमार रामनाथन और उनके मैक्सिकन साथी मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला, युकी भांबरी और साकेत माइनेनी भी पहले दौर में बाहर हो गए थे। जीवन नेदुनचेझियान और एन श्रीराम बालाजी झुकने से पहले दूसरे दौर में पहुंच गए थे। पुरुषों की एकल प्रतियोगिता में कोई भारतीय शामिल नहीं हुआ। इससे पूर्व भारत की सानिया मिर्जा और उनकी कजाख जोड़ीदार अन्ना दानीलिना का ऑस्ट्रेलियन ओपन में अभियान रविवार को महिला युगल में दूसरे दौर की हार के साथ समाप्त हो गया। सानिया और दानीलिना को एलिसन वान युतवान्क और अनहेलिना कलिनीना की यूक्रेन-बेल्जियन जोड़ी के हाथों 4-6, 6-4, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। बता दें कि भारतीय स्टार अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खेल रही हैं और मिश्रित युगल में हमवतन रोहन बोपन्ना के साथ मौजूद हैं।

सम्पादकीय

मनमानी व्याख्याओं के बीच डॉ. आंबेडकर, क्या वास्तव में हिंदू विरोधी थे

मैं हिंदू धर्म में पैदा हुआ था, लेकिन उसमें रहकर मरूंगा नहीं', यह घोषणा कर बौद्ध बन जाने वाले डॉ. आंबेडकर क्या वास्तव में हिंदू विरोधी थे प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से उनके विरोध का कारण क्या था राजनीतिक स्वार्थों के अनुसार डॉ. भीमराव आंबेडकर की सुविधाजनक स्वीकार्यता, उनके क्रांतिकारी विचारों पर पर्दा और जीवन से जुड़ी घटनाओं की भिन्न-भिन्न व्याख्याओं के बीच उनकी पत्नी डॉ. सविता आंबेडकर एक नई शख्सियत से परिचय कराती हैं। 1990 में प्रकाशित, मराठी में लिखित उनकी पुस्तक आंबेडकरांच्या सहसावात का उनके निधन के उन्नीस साल बाद अंग्रेजी में आई बाबासाहब : माई लाइफ विद डॉ. आंबेडकर सही परिप्रेक्ष्य में तत्कालीन समाज और राजनीति से बाबासाहब के संघर्ष को पेश करती है। बाबासाहब के निजी जीवन, महिलाओं और परिवार के प्रति अब तक कम ज्ञात उनके विचार भी सामने आते हैं। 'मैं हिंदू धर्म में पैदा हुआ था, लेकिन उसमें रहकर मरूंगा नहीं', यह घोषणा कर बौद्ध बन जाने वाले डॉ. आंबेडकर क्या वास्तव में हिंदू विरोधी थे प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से उनके विरोध का कारण क्या था एक दौर में उन्हें ब्रिटिश सत्ता का चाटुकार बताया गया। हकीकत क्या थी 'जाति के विनाश' का उनका मिशन कितना सफल रहा उनके प्रति कुछ गैर-सवर्ण जातियों का व्यवहार कैसा था 1947 में भारत जिस रूप में मिला था, उसे अक्षुण्ण रखने में बाबासाहब का क्या योगदान है बाबासाहब के जीवन के अंतिम दशक में उनकी डॉक्टर, तीमारदार, सहायक, संगिनी और वस्तुतः संरक्षक रहीं डॉ. सविता की पुस्तक कई सवालों का जवाब देने के साथ ही बहुत सारी गुत्थियों को सुलझाने में मदद करती है। नेहरूकालीन भारत का एक बड़ा विवाद रहा है हिंदू कोड बिल। आम धारणा है कि इस बिल को प्रतिष्ठा का विषय बना बाबासाहब ने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। सच यह है कि कोड बिल एकमात्र कारण नहीं था। डॉ. सविता बताती हैं, बाबासाहब ने बिल तैयार करने से पहले व्यापक स्तर पर वेदों, पुराणों, शास्त्रों और स्मृतियों का अध्ययन किया, इसके साथ ही अन्य पुस्तकें पढ़कर नोट बनाने और किताबें लिखने का काम भी जारी रहता, मैं डॉक्टर होने के नाते उनसे थोड़ा आराम करने के लिए कहती, लेकिन हिंदू विशेषज्ञ और विद्वान सलाह-मशविरे के लिए आते रहते थे, नतीजतन उनकी आंखें और खराब हो गईं व सेहत भी गिरी। वह लिखती हैं, 'जब बाबासाहब बिल पेश करने की अनुमति लेने प्रधानमंत्री के पास गए, उन्होंने इसे मंजूर कराने का भरोसा दिलाया। लेकिन पांच फरवरी, 1951 को सदन में बिल प्रस्तुत करते ही हंगामा हो गया। लोकसभा अध्यक्ष मावलंकर, राजेंद्र प्रसाद, सरदार पटेल और सरदार हुकुम सिंह ने खुलकर विरोध किया। बाबासाहब ने 10 अगस्त, 1951 को नेहरू को मार्मिक पत्र लिखा, मुझे और डॉक्टरों को मेरे स्वास्थ्य की चिंता सता रही है। मैं चाहता हूं कि हिंदू कोड बिल पास हो जाए। प्रधानमंत्री जानते हैं, मैं इसे बहुत महत्व देता हूं।' नेहरू का उत्तर था, 'चीजों को सहजता से लीजिए, क्योंकि सदन के अंदर और बाहर बिल का विरोध हो रहा है। कैबिनेट ने सितंबर में इस पर विचार का फैसला किया है।' बाद में बिल टुकड़ों-टुकड़ों में पास हो पाया। बाबासाहब को नेहरू से उम्मीदें थीं, जो पूरी नहीं हो पाईं। यह अपेक्षाओं की त्रासदी थी। नेताजी सुभाष के साथ भी यही हुआ था। नेहरू 'क्रांतिकारी मुद्दों' पर नेताजी का साथ देने के बजाय गांधीजी के हिसाब से चलते थे। संविधान का मसौदा पेश करने के समय तक बाबासाहब की सेहत काफी खराब हो चुकी थी। मधुमेह सहित कई बीमारियों से ग्रस्त बाबासाहब की नाभि के नीचे निकला फोड़ा ठीक नहीं हो पा रहा था। डॉ. सविता उनके साथ थीं। फोड़े पर दवा और ढेर सारी रुई की पट्टी बांधकर वह उन्हें ले गई थीं। उनके अनुरोध और राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अनुमति से फोम की विशेष कुर्सी संविधान निर्माता के लिए लाई गई। इस अवसर पर बाबासाहब के ऐतिहासिक भाषण को डॉ. सविता शिद्दत से याद करती हैं,भारत में जातियां हैं। ये जातियां राष्ट्रविरोधी हैं। क्योंकि, प्रथमतः ये सामाजिक जीवन में अलगाव लाती हैं। ये इसलिए भी राष्ट्रविरोधी हैं कि ये जाति और जाति के बीच ईर्ष्या व दुर्भाव पैदा करती हैं। लेकिन यदि हमें वास्तव में एक राष्ट्र बनना है, तो इन सब कठिनाइयों पर काबू पाना होगा।

याद रहें लाल किला हिंसा के गुनहगार, जिम्मेदार तत्वों को सजा न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण

पिछले दिनों जब ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में पराजित प्रत्याशी जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने लोकतंत्र के तीन प्रतीकों-राष्ट्रपति भवन, सर्वोच्च न्यायालय और संसद पर धावा बोल दिया तो दुनिया को जनवरी 2021 में अमेरिकी संसद में ट्रंप समर्थकों और देश को तथाकथित किसानों की ओर से लाल किले में मचाया गया उत्पात याद आ गया। जिन्हें न याद आया हो, वे याद कर लें, क्योंकि इसी 26 जनवरी को लाल किले में की गई भीषण गुंडागर्दी के तीन साल पूरे हो जाएंगे। इस गुंडागर्दी के गुनहगारों के बारे में चर्चा करने से पहले यह जानना जरूरी है कि ब्राजील में हिंसा के बाद राष्ट्रपति भवन के 40 सुरक्षा गार्डों को बर्खास्त कर दिया गया है। इनमें अधिकांश सैनिक हैं। हिंसा में शामिल रहे 1,500 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी बोल्सोनारो के समर्थक हैं। बोल्सोनारो की तरह उनके समर्थकों का मानना है कि चुनाव में उनकी हार के पीछे धांधली है। इस धारणा की एक बड़ी वजह चुनाव के पहले दिया गया बोल्सोनारो का यह कथन था कि यदि वह हारते हैं तो इसके पीछे चुनावी धांधली ही जिम्मेदार होगी। हिंसा के लिए जिम्मेदार माने जा रहे लोगों में पूर्व न्याय मंत्री एंडरसन टोरेस भी हैं। उन पर हिंसा की साजिश रचने के साथ दंगा भड़काने का भी आरोप है। उनकी भी गिरफ्तारी हो गई है। टोरेस पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो के करीबी माने जाते हैं। जांच के दायरे में बोल्सोनारो भी हैं। फिलहाल वह अमेरिका में हैं। वहां से आने पर उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। हिंसा रोक पाने में नाकाम रहे ब्राजीलिया के गवर्नर को हटा दिया गया है। अब यह जान लेते हैं कि अमेरिकी संसद यानी कैपिटल हिल में ट्रंप समर्थकों की हिंसा के खिलाफ अभी तक क्या हुआ है इस हिंसा के बाद अमेरिका में एक हजार से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से साढ़े नौ सौ से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है। अब तक तीन सौ से अधिक लोगों को सजा सुनाई जा चुकी है। इनमें सबसे अधिक दस साल की सजा न्यूयार्क शहर के पूर्व पुलिस अधिकारी थामस वेबस्टर को सुनाई गई है। दर्जनों दोषियों को सामुदायिक सेवा करने की सजा दी गई है। हिंसा के दोषियों पर अब तक पांच लाख 21 हजार डालर का जुर्माना लगाया जा चुका है। कठोर सजा से राहत पाने की आशा में कई अभियुक्तों ने अपना दोष स्वीकार कर लिया है। स्पष्ट है कि कैपिटल हिल में उत्पात मचाने वाला कोई बच नहीं पाएगा। कैपिटल हिल हिंसा की जांच कर रही एक कमेटी ने डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की सिफारिश की है। अब न्याय विभाग को यह फैसला करना है कि ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाया जाए या नहीं? विगत छह जनवरी को अमेरिका में कैपिटल हिल हिंसा की दूसरी बरसी मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रपति बाइडेन ने हिंसा में उपद्रवियों का सामना करने वालों को राष्ट्रपति नागरिक मेडल से सम्मानित किया। अब यह जानते हैं कि दो साल पहले 26 जनवरी को लाल किले में दंगा करने वालों के खिलाफ अब तक क्या हुआ है? इस हिंसा में शामिल करीब 150 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से सभी को जमानत मिल चुकी है। जब यह स्पष्ट है कि ब्राजील में हिंसा के लिए जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के हरसंभव जतन किए जा रहे हैं और अमेरिका में कैपिटल हिल हिंसा के दोषियों को कड़ी सजा देने का काम लगभग पूरा हो चुका है, तब दुर्भाग्यपूर्ण यही है कि यह प्रश्न अनुत्तरित है कि भारत में गणतंत्र दिवस पर लाल किले और दिल्ली के अन्य हिस्सों में भयावह गुंडागर्दी कर देश को शर्मिंदा करने वाले गुनहगारों को सजा कब मिलेगी यह गुंडागर्दी ट्रैक्टर रैली निकालकर गणतंत्र दिवस मनाने की आड़ की गई थी। हालांकि कथित किसान नेताओं ने दिल्ली पुलिस से यह वादा किया था कि वे तय मार्ग पर ही अपनी ट्रैक्टर रैली निकालेंगे, लेकिन 26 जनवरी के दिन अपने वादे को तोड़कर उनके ट्रैक्टर मनचाहे रास्तों पर निकल लिए और उन्होंने जहां-तहां उत्पात मचाकर दिल्ली एवं देश को आतंकित किया। इसकी आशंका पहले से थी, क्योंकि ट्रैक्टर रैली को लेकर उकसावे वाले बयान दिए जा रहे थे। राकेश टिकैत ट्रैक्टर रोकने वालों के बक्कल उतारने की खुली धमकी दे रहे थे। अफसोस की बात केवल यह नहीं कि लाल किले में अराजकता के नंगे नाच के लिए जिम्मेदार किसी किसान नेता की गिरफ्तारी नहीं की गई, बल्कि यह भी है कि राकेश टिकैत, योगेंद्र यादव समेत 20 किसान नेताओं को दिल्ली पुलिस ने जो नोटिस जारी किया, उसकी उन्होंने ठसक के साथ अनदेखी कर दी और फिर भी पुलिस ने कुछ नहीं किया। ऐसा तब हुआ, जब दिल्ली पुलिस के तत्कालीन आयुक्त ने कहा था कि 26 जनवरी की हिंसा में किसान नेता शामिल थे। इससे भी खराब बात यह हुई कि पंजाब की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लाल किला हिंसा में गिरफ्तार किए गए 83 उपद्रवियों को मुआवजा देने की घोषणा की। हैरानी नहीं कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में जो किसान नेता नजर आए, उनमें राकेश टिकैत और योगेंद्र यादव भी थे। जिन्हें देश को नीचा दिखाने वाली हिंसा के लिए कठघरे में खड़ा होना चाहिए था, वे देश जोड़ने का नाटक कर रहे थे। एक लज्जाजनक बात यह भी हुई कि राजमार्गों पर कब्जा करने के आरोप में जो अनेक मामले दर्ज किए गए थे, उन्हें वापस लेने की घोषणा कर दी गई। दिल्ली सरकार ने तो लाल किला हिंसा से जुड़ा एक मामला भी वापस लेने का फैसला किया। इसे अराजकता के सामने शर्मनाक आत्मसमर्पण न कहा जाए तो क्या कहा जाए।

उपेक्षित धरोहरों की सुध लेने का समय, विरासतों पर गर्व की बातें नहीं, उनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने का वक्त

ऐतिहासिक धरोहरें सभ्यता और संस्कृति की जीवंत दस्तावेज होती हैं, जिन्हें देख-पढ़कर हम अतीत के अनछुए पहलुओं का आकलन कर सकते हैं। ऐसी ही एक धरोहर का पता लगाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) दिल्ली स्थित पुराना किला की एक बार फिर खोदाई करने जा रहा है। इसके जरिये यह पता लगाया जाएगा कि पांडवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ पुराना किला के टीले पर थी या नहीं। यह पहल स्वागतयोग्य है। स्मरण रहे कि भारत ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राष्ट्र है। यहां की प्राचीनता दुनिया को आकर्षित करती है। भारतवर्ष की सामाजिक-सांस्कृतिक धारा प्राचीन काल से ही अविरल रूप से चली आ रही है। भारत की इस अति प्राचीन सांस्कृतिक धारा की प्रत्यक्ष अनुभूति हमें अपनी ऐतिहासिक धरोहरों एवं पुरातात्विक अवशेषों को देखकर होती है। ऐतिहासिक धरोहरों में मुख्य रूप से स्थापत्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण भवन, शिलालेख, अभिलेख, स्तंभ, स्मारक, समाधि-स्थल, दुर्लभ चित्र, मंदिर, महल, मूर्तियां, किले और मकबरे आदि आते हैं। ये हमें हमारी जड़ों एवं गौरवशाली परंपराओं से जोड़ते हैं। इन्हें देखकर हम तत्कालीन सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं आर्थिक स्थितियों एवं व्यवस्थाओं का सहज अनुमान लगा सकते हैं। साथ ही सभ्यता के ज्ञात एवं उपलब्ध इतिहास के भी पार झांक सकते हैं। यही कारण है कि हर सजग देश अपनी ऐतिहासिक धरोहरों की विशेष देखभाल करता है, परंतु दुर्भाग्य से अपने देश में ऐतिहासिक महत्व की इन धरोहरों के संरक्षण में घोर लापरवाही का मामला संज्ञान में आया है। निःसंदेह ऐसी उपेक्षा के लिए सरकारें अधिक उत्तरदायी होती हैं, परंतु अपनी इन ऐतिहासिक-सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति नागरिक-समाज की उदासीनता भी कचोटती है। देश भर में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के 3,693 स्मारक हैं, जिन्हें केंद्र सरकार संरक्षित करती है। इनमें से 50 गायब हो गए हैं। गत वर्ष केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा गठित संयुक्त संसदीय समिति की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया, 'यह गंभीर चिंता का विषय है कि एएसआइ के संरक्षण में राष्ट्रीय महत्व के कई स्मारक तेजी से गायब हो गए हैं। ये स्मारक शहरीकरण, जलाशयों और बांधों के पानी में जलमग्न होने के कारण खो गए हैं। कुछ स्मारकों की जगह नहीं मिलने और घने जंगलों में उन्हें खोज न पाने की वजह से भी गायब हो गए हैं।' इन लापता स्मारकों में 11 उत्तर प्रदेश के हैं। दिल्ली और हरियाणा के दो-दो स्मारक लापता होने वाले स्मारकों में शामिल हैं। इस सूची में असम, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश और उत्तराखंड के स्मारकों के भी नाम हैं। इन स्मारकों में से 14 तेजी से शहरीकरण के कारण खो गए हैं। वहीं 12 जलाशयों या बांधों की वजह से पानी में डूब गए और बाकी 24 की जगह को खोज पाना असंभव बताया गया है, क्योंकि ये अनट्रेसेबल (अप्राप्य) हैं। एएसआइ के अनुसार, 'आजादी के बाद सरकारों की प्राथमिकताएं स्वास्थ्य और विकास थीं, इसलिए विरासत की घोर उपेक्षा की गई। अब भी कई स्मारक देखभाल की कमी के कारण अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं।' अभी 3,693 संरक्षित स्थलों में से केवल 248 स्थलों पर 2,578 सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। सभी संरक्षित स्थलों की सुरक्षा के लिए निश्चित ही अधिक कर्मियों की आवश्यकता होगी। उल्लेखनीय है कि 2013 में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग ने भी अपनी तरह के पहले भौतिक सत्यापन अभ्यास के पश्चात देश भर में 92 स्मारकों को 'लापता' घोषित किया था। कैग की रिपोर्ट में तब यह भी रेखांकित किया गया था कि एएसआइ के पास संरक्षित स्मारकों एवं कलाकृतियों का कोई लिखित ब्योरा नहीं है। स्मारकों के गायब होने का मामला 2017 में लोकसभा में भी उठा था। तत्कालीन केंद्रीय संस्कृति मंत्री महेश शर्मा ने तब ऐतिहासिक एवं संरक्षित स्मारकों की विलुप्ति एवं अतिक्रमण के प्रश्न पर उत्तर देते हुए कहा था कि 'अरुणाचल में कापर टैपल, असम के तिनसुकिया में शेरशाह की बंदूकें, दिल्ली में बाराखंभा और बंगाल के नदिया जिले में बमनपुकुर किले के खंडहर गायब हो चुके हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता। जिन स्मारकों का पता नहीं लगा है, उन्हें खोजने के लिए पुराने रिकार्ड का सत्यापन, रेवेन्यू मैप, प्रकाशित रिपोर्ट, भौतिक निरीक्षण और टीमों की तैनाती की गई है।' सुखद है कि कैग द्वारा लापता घोषित 92 स्मारकों में से 42 को पुनः ढूंढ़ लिया गया है। इसके लिए एएसआइ ने पिछले आठ वर्षों में 8,478 गांवों का सर्वेक्षण किया है। इन गांवों में 2,914 पुरातात्विक अवशेष पाए गए हैं, जिन्हें सहेजने का काम चल रहा है। अब तक 19 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित केंद्र संरक्षित स्मारकों एवं स्थलों से चोरी की 210 घटनाएं हुई हैं, जिनमें 486 वस्तुएं अपने स्थान से गायब हुईं, उनमें से 91 वस्तुएं बरामद कर ली गई हैं और अन्य की बरामदगी के प्रयास चल रहे हैं। सरकार को यह याद रखना होगा कि ये धरोहरें देश की ऐतिहासिक-सांस्कृतिक पहचान एवं गौरव की जीवंत प्रतीक हैं।

उ0प्र0दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का किया गया आयोजन,सांसद,विधायक हुए शामिल

प्रतापगढ़। जनपद के तुलसीसदन (हादीहाल) में दिनांक 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले "उत्तर प्रदेश दिवस-2023" समारोह का भव्य तरीके से शुभारम्भ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य सम्मिलित हुये।इस दौरान जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश दिवस का शुभारम्भ सांसद संगम लाल गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में सरस्वती वन्दना स्वागत गीत और विकास गीत शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अवसर पर सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अतिथियों ने तुलसीसदन परिसर में विभिन्न विभागों जिला उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, युवा कल्याण, मनरेगा, आजीविका मिशन, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, महिला कल्याण, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, पंचायती राज विभाग, बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, नगर विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों के स्टाल का अवलोकन किया एवं सम्बन्धित से जानकारी भी प्राप्त की। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद व जनपद के बाहर से आये निवेशकों एवं उद्यमियों ने प्रतिभाग किया व अपने निवेश प्रस्ताव सौपे। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि जनपद में औद्योगिक इकाईयों के स्थापना के लिये सुनहरा अवसरा है जिसके अन्तर्गत उद्यमियों को जनपद में निवेश के लिये आमंत्रित किया गया है। इसी के साथ यह भी अवगत कराया गया कि एटीएल भूमि शीघ्र ही उद्योग स्थापना हेतु सम्बन्धित विभाग को हस्तान्तरित कर दिया जायेगा। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में जनपद प्रतापगढ़ विकास के पथ पर अग्रसर है, यहां का माहौल आम जनमानस के लिये और उद्यमियों के लिये उपयुक्त है, जनपद में विकास सम्बन्धित महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न कराये जा रहे है और जनपद लगातार तरक्की की ओर अग्रसर है। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर समस्त जनपदवासियों को बधाई दी और सभी उद्यमियों से आग्रह किया कि जनपद में वह पूर्ण रूप से इन्वेस्टमेन्ट करें ताकि जनपद में रोजगार की सम्भावनायें अधिक से अधिक प्राप्त हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ को विभिन्न विभागों के माध्यम से 10697 करोड़ रूपये निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है जिसके अन्तर्गत प्रमुख रूप से एम0एस0एम0ई विभाग, उद्यान विभाग, सौर ऊर्जा विभाग, यूपी सीडा आदि विभागों को निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये है। जनपद में इस समय भयमुक्त वातावरण स्थापित हो चुका है ऐसे में जनपद प्रतापगढ़ की जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही है और आज यहाँ विभिन्न प्रकार के उद्योगों में लोग काम कर रहे है, उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे है। पुलिस अधीक्षक ने निवेशकों को शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया और अन्य जनपदों के उद्यमियों से निवेश करने का अनुरोध किया। उन्होने कहा कि जनपद में उनका लक्ष्य पूर्ण रूप से जनपद को अपराध मुक्त करना है, अपराध और अपराधियों के लिये जीरो टॉलरेन्स नीति को अपनाया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने एम0एस0एम0ई0 नीति-2022 का विस्तृत उल्लेख किया गया और निवेश सारथी पोर्टल पर इन्वेस्ट करने की जानकारी उद्यमियों/निवेशकों को दी तथा उद्यमियों से जनपद में अधिक से अधिक निवेश करने के लिये अनुरोध किया। समिट के अन्तर्गत जनपद के पॉच प्रमुख निवेशकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को जनपद में विकास व कानून व्यवस्था सुदृढ़ कर निवेश का माहौल बनाने के लिये सम्मानित किया।उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार के लाभार्थी अनिल कुमार वर्मा, ओडीओपी के लाभार्थी हर्ष वर्धन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन के लाभार्थी दिनेश कुमार पाल को डेमो चेक का वितरण किया। अतिथियों द्वारा राजकली रमाशंकर शुक्ल महाविद्यालय जलेशरगंज के छात्र/छात्राओं रूचि ओझा, प्रिया मिश्रा, शिखा, अन्नपूर्णा यादव, नितिन यादव, नवीन श्रीवास्तव, ज्योति मौर्या, राकेश यादव, पूजा सरोज व नीलम यादव को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्ट फोन/टैबलेट का वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य हेतु हॉकी में प्रशान्त शुक्ला एवं कुश्ती में वर्षा राजे को सम्मानित किया गया। विकास खण्ड स्तर एवं जनपद स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मंगल दल के लाभार्थी अरविन्द मौर्या, राहुल कुमार पाल, संदीप कुमार, सूर्यभान, गंग कुमार को स्वामी विवेकानन्द पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत सफलतम समूह माँ बाराही स्वयं सहायता समूह को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत लाभार्थी गयासुद्दीन को पावर ट्रिलर एवं पीएमएफएमई योजनान्तर्गत लाभार्थी मगदूम वर्मा, शेष नरायन मिश्रा व पंकज सिंह को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत कोविड-19 के दौरान माता/पिता की मृत्यु होने पर उनके बच्चों जो शिक्षा प्राप्त कर रहे है क्रमशः शशांक शेखर शुक्ला, सौम्या सिंह, हिमांशू सिंह, निधि मिश्रा व अंशू विश्वकर्मा को लैपटाप का वितरण किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों के विकास हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 प्रधानों का सम्मानित किया गया। महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में सांसद, विधायक सदर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अतिथियों ने अपने हस्ताक्षर भी किये। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने उद्यान विभाग की योजनाओं, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 बिरजू सिंह यादव ने पशुपालन विभाग की योजनाओं, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विकास कुमार दीपांकर ने मत्स्य विभाग तथा उप निदेशक कृषि डा0 रघुराज सिंह ने कृषि विभाग की योजनाओं तथा सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई ने के सम्बन्ध में आमजन मानस को जानकारी दी। इस दौरान कृषकों द्वारा अपने अनुभव भी बताये गये।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओपी राय, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, उद्यमियों में प्रमुख रूप से अनुराग खण्डेलवाल, मो0 अनाम, राजेन्द्र केसरवानी,रोशन लाल ऊमरवैश्य व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डा0मोहम्मद अनीस ने किया।

संक्षिप्त समाचार

दिग्विजय सिंह के सर्जिकल स्ट्राइक वाले बयान पर खरगे ने टिप्पणी करने से किया इनकार

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के सर्जिकल स्ट्राइक वाले बयान पर टिप्पणी करने से किनारा कस लिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सिंह के बयान पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। मंगलवार को खरगे ने प्रेस वार्ता में कहा कि हम भारतीय सेना के साथ हैं और सेना का बहुत सम्मान करते हैं। हम हमेशा देश की एकता के लिए काम करते आए हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे। कुछ लोग झूठा प्रचार-प्रसार करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे इसमें सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह देश हम सभी का है।' मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने पुलवामा आतंकी हमले को लेकर भी पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 2019 के आतंकी हमले को टाला जा सकता था, जिसमें सीआरपीएफ के 40 से अधिक जवान मारे गए, अगर सीआरपीएफ पर हमला करने वाले वाहन की ठीक से जांच की गई होती। आपको बता दें कि 14 फरवरी, 2019 को कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकवादियों ने हमला किया था, जिसमें 44 भारतीय जवानों की जान चली गई थी। 26 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले की प्रतिक्रिया में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाया था।

सतना सांसद गणेश सिंह के प्रयास से मिली मैंहर को बड़ी सौगात रिंग रोड बन जाने से शहर को मिलेगी जाम के झाम से निजात

(आधुनिक समाचार सेवा)
सतना। सांसद गणेश सिंह के अथक प्रयास से मेहर को मिली रिंग रोड शहर में कम हो जाएगा ट्रैफिक का दबाव मैहर नगर पालिका क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से लगातार लिंक रोड बनाए जाने की मांग चल रही थी जो यहां की जनता के लिए बहुत महत्वपूर्ण मांग थी क्योंकि मैहर में कटनी से सतना जाने के लिए शहर से होकर की गाड़ियां गुजरती थी और वही सतना से रीवा और कटनी की ओर जाने के लिए भी गाड़ियां मैहर शहर से गुजरती थी जिसको लेकर शहर में काफी भारी भरकम गाड़ियां बीच बाजार में निकलती थी जिससे आने वाले लोगों को यहां के स्थानीय लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता था लेकिन अब नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी द्वारा लगातार सतना सांसद गणेश सिंह जी से लिंक रोड की निर्माण की बात को लेकर पत्रक किया गया जिस पर सतना सांसद गणेश सिंह ने कत्थक प्रयास से यह लिंक रोड की सौगात मेहर को मिली है जिसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संतोष सोनी ने उनका धन्यवाद देते हुए आभार ज्ञापित किया सतना सांसद के प्रयास से पूरे सतना जिले में यह मिली है सौगातें केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज ओरछा में मेरी मांग पर सतना से बमीठा फोरलेन सड़क, मैहर रिंग रोड सड़क, बनाए जाने की आज घोषणा करते हुए एक बड़ी सौगात दी है। वहीं दूसरी तरफ पवई से नागौद में बाईपास बनाए जाने का शिलान्यास किया है। 10 दिसंबर को रीवा में जब माननीय नितिन गडकरी जी का कार्यक्रम हुआ था तब उन्होंने सतना शहर को एलिवेटेड रोड दिया है झुकेही से बेला तक 7 स्थानों में सर्विस रोडो का काम अधूरा है जिनको पूरा करने की घोषणा की गई थी। सतना से सेमरिया, सिरमौर होते हुए शंकरगढ़ ,प्रयागराज के लिए भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रोड के निर्माण की घोषणा पूर्व में की थी। यह आजाद भारत के इतिहास में पहली बार किसी भी केंद्रीय मंत्री ने सतना लोकसभा क्षेत्र को इतनी बड़ी सौगात पहली बार दी है। संसद श्री गणेश सिंह आगे बताया है कि मैहर एवं अमरपाटन शहर के अंदर पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग को वन टाइम निर्माण करने के लिए न्प् इ्ऊ को पूर्व में ही धनराशि उपलब्ध करा दी है अगले फेज में सतना से चित्रकूट ग्रीन फील्ड रोड की सड़क निर्माण हो जाने के बाद स्वीकृति दी जाएगी। सांसद श्री सिंह ने ने बताया है कि केंद्रीय सड़क निधि से मुख्तियारगंज रेलवे फाटक ,सतना से सेमरिया रोड में बिरहुली फाटक , प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री के पास बम्होरी में, मैहर में भदनपुर रेलवे का ओवरब्रिज बनाए जाने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है उचेहरा रेलवे ब्रिज का कार्य निर्माणाधीन है फरवरी-मार्च तक चालू हो जाएगा। सांसद श्री गणेश सिंह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया है।

मैहर खेल मैदान को सुरक्षित रखने के लिए फेंटू क्लब ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

(आधुनिक समाचार सेवा)
मैहर। खेल मैदान में खेल गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य आयोजन की अनुमति न दी जावे..फेन्टू क्लब.. शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद स्थानीय इकलौते खेल मैदान में खेल के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों की अनुमति प्रशासन द्वारा दिए जाने के विरोध में स्थानीय खेलकूद संस्था फेन्टू क्लब के पदाधिकारियों एवम फुटबाल खिलाड़ियों ने यशोधरा राजे सिंधिया मंत्री खेल एवम युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन के नाम एक ज्ञापन एसडीएम महोदय मैहर को सौंपा.जिसकी प्रतियां कमिश्नर रीवा,कलेक्टर सतना,एसडीएम मैहर और जिला युवा खेल एवम कल्याण अधिकारी सतना को भी प्रेषित की गई है। ज्ञापन में फेन्टू क्लब द्वारा मंत्री महोदया से खेल एवम युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले खेल मैदान में विगत वर्ष अन्य आयोजन जैसे संगीत समारोह,कवि सम्मेलन,दशहरा रावण वध आदि किए जाने और इनके लिए मध्य मैदान के बीच से नवीन गेट निर्माण किए जाने से खेल मैदान की दुर्दशा का उल्लेख करते हुए,क्लब के निवेदन पर तत्काल प्रभाव से जिला खेल अधिकारी को उक्त नवीन गेट बंद कर पूर्ववत बाउंड्री वॉल निर्माण करने के आदेश पर मंत्री महोदया का आभार व्यक्त किया गया है। साथ ही निवेदन किया है ,कि उस्ताद अलाउद्दीन संगीत समारोह मार्च में प्रस्तावित है.खेल मैदान को तैयार करने में दो से तीन वर्ष लगते हैं,लेकिन खेल के अतिरिक्त अन्य आयोजनों से मैदान दो से चार दिन में पूर्णतया खराब हो जाता है। ज्ञापन के साथ मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन के दो पत्रों की छाया प्रति भी संलग्न की गई है,जिसमे समस्त जिला कलेक्टरों को खेल मैदान में खेल गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य आयोजन न किए जाने के निर्देश हैं। फेंटू क्लब मैहर एवम मैहर के समस्त फुटबाल,क्रिकेट,बालीबाल खिलाड़ियों ने सांसद गणेश सिंह जी,मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी जी, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी जी,प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा श्रीकांत चतुर्वेदी जी,संजय राय,उपाध्यक्ष नगरपालिका शीतल नितिन ताम्रकार सहित समस्त नगरपालिका पार्षदों से खेल मैदान में खेल गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम,शासन प्रशासन से चर्चा कर अन्यत्र स्थान पर कराए जाने की मांग की है,जिससे खेल मैदान को दुर्दशापूर्ण होने से बचाया जा सके और मैदान खिलाड़ियों के खेलने हेतु हरा भरा रह सके।

इष्ट फाउंडेशन ने बालिकाओं को सिखाये आत्म सुरक्षा के गुण

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। इष्ट फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-58 स्थित खोड़ा कॉलोनी में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रोशनी कुमारी के नेतृत्व में आत्म सुरक्षा की कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें संस्था की सदस्य शीबा ईदृसी ने बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के गुण बताये व प्रशिक्षण दिया। अध्यापिका लक्ष्मी कुमारी ने इस बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन का उद्देश्य भारतीय समाज में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली असमानताओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाना, बालिकाओं के अधिकारों और महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था इस मौके पर निशा, सानिया, सलोनी, खुशबू, कीर्ति, अर्फिया, तानिया आदि उपस्थित रहे।

इष्ट फ़ाउन्डेशन ने की चाय के साथ एक नयी शुरुआत

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। युवाओं द्वारा इष्ट फाउंडेशन नामक संस्था का गठन किया गया। जिसके उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा स्थित सूरजपुर में एक नई शुरुआत चाय के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राह चलते लोगों को चाय वितरित कर उनसे समाजहित मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। सूरज झा ने बताया कि युवाओं द्वारा गठित इष्ट फाउंडेशन संस्था को स्थापित करने का उद्देश्य अपने देश व समाज में जनहित के लिए शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता के प्रति और अधिक तेजी से जागरुकता फैलाना है ताकि हमारा समाज विकासशील से विकसित होते हुए अग्रसर हो। संस्था से सोनिया चौबे ने बताया कि जल्द ही संस्था के सदस्य एकजुट होकर विभिन्न राज्यों में झुग्गी बस्तियों में बसर कर रहे बच्चों को शिक्षित करने हेतु निशुल्क पाठशाला का शुभारम्भ करेंगे ताकि शिक्षा की लौ को हर एक क्षेत्र में फैलाया जा सके।कार्यक्रम का समापन बच्चों को शिक्षा संबंधित पाठ्य समाग्री और खाद्य समाग्री वितरित करके किया गया। इस मौके पर रोशनी कुमारी, शैलेंद्र चौहान, विवेक ठाकुर,चंदन झा,सोनिया चौबे, लक्ष्मी कुमारी, चंद्रकांत, जैराम, सोनू, रोशन झा, कीर्ति चौहान, प्रभात, आशु, विकास, अरमान,आर्यन आदि सदस्य मौजूद रहे।

सपा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। समाजवादी चिंतक जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की जयंती सेक्टर 102 स्थित भंगेल कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। सपा नोएडा ग्रामीण के निवर्तमान जिला महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे एवं व्यापार सभा के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गोयल ने सपा नेताओं के साथ कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर उनके जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए सपा नोएडा ग्रामीण के निवर्तमान जिला महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेन्द्र दुबे ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जन्म बिहार के समस्तीपुर जिला के पितोंझिया गांव में हुआ था जिसे अब कर्पूरी ग्राम के नाम से जाना जाता है। इनके पिता गोकुल ठाकुर एक सीमांत किसान थे और पारंपरिक पेशा नाई का काम करते थे। साधारण परिवार में जन्म लेने के बावजूद वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर ने भारत छोड़ो आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसके कारण उन्हें छब्बीस महीने जेल में रहना पड़ा। सरल और सरस हृदय के कर्पूरी ठाकुर राजनीति में शुचिता के हमेशा पक्षधर रहे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं राम मनोहर लोहिया इनके राजनैतिक गुरु थे। उन्होंने हमेशा गरीब ,मजदूर, किसान, नौजवान के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष किया इसलिए उन्हें जननायक कहा गया। इस मौके पर व्यापार सभा के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गोयल, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र गौतम, राजा,रेशम पाल, विनोद सिंह, बबलू बंसल, सुबोध गोयल, प्रशांत गोयल, उमेश मिश्रा, फिरोज खान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोबाइल लूट को गायब होने की तहरीर लेकर चौकी से लौटाया

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। सेक्टर 93 सुपर एम आई निवासी शोभित रावत पुत्र मुकेश रावत पाकेट 12 से अपनी सोसायटी के बगल पहुचने पर दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने इनका मोबाइल छीन लिया। जिसके बाद शोभित रावत काफी देर तक 112 नंबर पर फोन करते रहे लेकिन फोन नहीं लगा। इसके बाद वे अपने नजदीक सेक्टर 110 की पुलिस चौकी पहुंच कर पूरी बात सिलसिलेवार बताई।लेकिन पुलिस चौकी इंचार्ज ने कोई संतोष जनक उत्तर नहीं दिया। यह जरूर बता दिया कि अगर लूट की घटना लिखवाते हैं तो आपको कोर्ट के चक्कर लगाने पडेंगे। उन्होंने मोबाइल ग़ायब होने की तहरीर लिखवाई। उत्तर प्रदेश मे योगी आदित्य नाथ की सरकार मे कहा जाता है कि पुलिस प्रशासन बहुत जिम्मेदारी से कार्य कर रहा है। फिर भी ऐसी घटनाओं से तो लगता है कि पुलिस का ग्राफ गिर रहा है। और मोबाइल की छिनौती की रिपोर्ट करने जाने पर नही लिखी लूट की रिपोर्ट तो क्या कहा जा सकता है। लड़के पर दबाव बनाकर अनजाने में मोबाइल कही गिरने की तहरीर लेकर थाने से बैरंग लौटा दिया गया । जबकि मोबाइल लूट कर भागने की फुटेज भी लडके ने खुद ढूंढ निकाली है और चौकी इंचार्ज को सौंप भी दिया है। इसको देखते हुए तो यही कहा जा सकता है।

शराब तस्कर गिरफ्तार कब्जे से 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस तथा आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये एक शराब तस्कर अभियुक्त विक्की गौतम पुत्र मनोज गौतम निवासी आजाद विहार खोडा कालोनी थाना खोडा जिला गाजियाबाद को सेक्टर-55, गेट नं0 5 के पास से गिरफ्तार किया गया है,जिसके कब्जे से 45 टेट्रा पैक देशी अवैध शराब बरामद। **अभियुक्त का विवरणः** विक्की गौतम पुत्र मनोज गौतम निवासी आजाद विहार खोडा कालोनी थाना खोडा जिला गाजियाबाद **पंजीकृत अभियोग का विवरणः** मु0अ0सं0-44/2023 धारा-60 आबकारी अधि0 थाना सेक्टर 58 नोएडा गौतमबुद्धनगर। **बरामदगी का विवरणः-** 45 टेट्रा पैक देशी अवैध शराब।

पेंटिंग प्रतियोगिता एवं संवाद से बोर्ड परीक्षार्थियों का तनाव होगा कम

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर आने वाले बोर्ड की परीक्षा के चलते संवाद और पेंटिंग कंपीटिशन का आयोजन कर रही है। इसकी के चलते कल दिनांक 25 जनवरी 2023 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज होशियारपुर सेक्टर 5, सीसी1 नोएडा में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत आर्ट एवं पेंटिंग प्रति योगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर आज ज़िला कार्यालय से ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को कंप्शन के उपरांत पुरस्कृत भी किया जाएगा साथ ही 10 सर्वश्रेष्ठ एवं 25 श्रेष्ठ पेंटिंग पुरस्कार भी दिए जाएंगे तथा प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, कृषि अनुसंधान परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, श्रीमती विमला बाथम एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त करने के लिए 6 विषय दिए जाएँगे और उन्हीं को आधार मानते हुए पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। मनोज गुप्ता साथ ही ये भी बताया की 27 जनवरी 2023 को जो परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से चर्चा करेंगे वो तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित हो रहा है जिसका लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा, जो विश्व भारती पब्लिक स्कूल नोएडा में आयोजित किया जाएगा। इसमें कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महेश शर्मा सांसद गौतम बुध नगर, पंकज सिंह विधायक नोएडा एवं अमित चौधरी अध्यक्ष जिला पंचायत मौजूद रहेंगे साथ ही छात्र छात्राओं के अभिभावक एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में कार्यक्रम संयोजक गिरीश कोटनाला जिला उपाध्यक्ष तथा उनके साथ सह संयोजक श्रीमती शारदा चतुर्वेदी व श्रीमती सुचित्रा कक्कड़, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, गिरिजा सिंह, उमेश यादव भी रहे।

लोकमंच ने मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तरप्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में चेतराम बालिका इंटर कॉलेज सदरपुर मे नोएडा लोक मंच एवं कैलाश ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर 259 बालिकाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया । स्कूल के बच्चो ने बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे सब लोगों ने बहुत सराहा। इस मौक़े पर उत्तर प्रदेश महिला आयोग अध्यक्षा श्रीमती विमला बाथम विशिष्ट अतिथि रही एवं डॉक्टर पल्लवी शर्मा डायरेक्टर कैलाश हॉस्पिटल मौजूद रही।
नोएडा लोक मंच के सचिव महेश सक्सेना ,विभा , मुकुल वाजपेयी ,लेफ़्टिनेंट सूक्ष्म रानी अनेजा डिग्री कॉलेज,चेतराम कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती इंद्रा शर्मा ,श्रीमती राजेश्वरी त्यागराजन कल्चरल हेड नोएडा लोक मंच,शमीम अनवर मार्किटिंग सर्विसेज़ वर्ल्ड्स ऑफ़ वंडर नोएडा,सुनीता खटाना , पुष्पा भट्ट महिला मोर्चा उपाध्यक्ष उपस्थित रहे

नोएडा के शिल्प हाट में तीन दिवसीय चलने वाले उत्तर प्रदेश दिवस-2023 का हुआ भव्य शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप आज जनपद गौतम बुद्ध नगर में नोएडा के शिल्प हाट में 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस 2023 का दादरी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक तेजपाल नागर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा/ ग्रेटर नोएडा रितु माहेश्वरी एवं जिलाधिकारी सुहास एलवाई के द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस 2023 के शुभारंभ अवसर पर ही जनपद की प्राधिकरणों के द्वारा नोएडा दादरी विधानसभा क्षेत्र में कराए गए कुल 258.70 करोड रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया, जिसमें नोएडा विधानसभा की 32.15 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 159.92 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास तथा दादरी विधानसभा क्षेत्र की 4.30 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 62.33 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है। उत्तर प्रदेश दिवस 2023 का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम शास्त्रीय नृत्य शिव आराधना, अन्नदाता संवाद, उत्तर प्रदेश में निवेश बेरोजगार पर बौद्धिक परिचर्चा एवं महानुभावों का सम्मान, जनपद के स्थानीय कलाकारों द्वारा रागनी तथा शासकीय कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र/ पुरस्कार वितरण/ लोकार्पण से किया गया। नोएडा विकास यात्रा से संबंधित प्रदर्शनी मुख्य बृज द्वार एवं निवेश द्वार पर लगाई गई गई। तीन दिवसो तक चलने वाले उत्तर प्रदेश दिवस 2023 के अवसर पर प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के द्वारा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार तथा योजनाओं के संबंध में कार्यक्रम में आने वाले आगंतुकों को अधिक से अधिक जानकारी एवं जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के द्वारा 85 स्टाल लगाए गए, ताकि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का जो संकल्प है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थियों तक संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके उसको मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। आज कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर समाज कल्याण, खेल विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग तथा मुद्रा लोन के 60 लाभार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

प्रदेश के वरिष्ठ आई०पी०एस० अधिकारी वर्तमान महानिदेशक अविनाश चन्द्र द्वारा नैनी औद्योगिक क्षेत्र मे आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस का हुआ भव्य उद्घाटन

आधुनिक समाचार समूह अच्छी खबरों का बेहतरीन पैरोकार- अविनाश चन्द्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
नैनी/प्रयागराज। वरिष्ठ आई०पी०एस० अधिकारी वर्तमान महानिदेशक अविनाश चन्द्र द्वारा नैनी औधोगिक क्षेत्र में स्थित आधुनिक समाचार पत्र के पब्लिशिंग हाउस का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर अविनाश चन्द्र द्वारा समूह के पदाधिकरीयों, कार्यकर्ताओं सहायक सदस्यगणों एवं समूह से जुडे पत्येक सदस्यों की प्रशासा करते हुये कहा कि यह समूह बिना किसी भेदभाव के बेहतरीन समाचारो का पैरोकार है एवं क्षेत्रिय समस्याओं की छोटी से छोटी खबरो को शासन-प्रशासन तक पहुचाने का उति उत्म कार्य कर रहा है। उद्घाटन के अतिरिक्त इस अवसर पर अग्निशमन दल के सिपाहियो ने मिल कर कारखानों से लेकर धरेलू गैस सिलेंडर से लगने वाली आग के बारे मे सम्मत जानकारी देते हुए उसे कैसे बुझाएं उसका भी प्रदर्शन करके दिखाया और समझाया। कार्यक्रर्म में मुख्य रुप से मुख्य फायर अधिकारी प्रयागराज, सीओ० करछना, प्रयागराज, थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज, अग्निशमन अधिकारी नैनी उत्तर प्रदेश, राज्य औद्योगिक सघं अध्यक्ष अरविन्द राय, नैनी औद्योगिक सघं के राजीव नैय्यर, सम्पादक डा० पुनीत अरोरा, डा० दीपक अरोरा, संजीव केशरवानी, वीकान्त, सुधाशु शर्मा, मो० इम्तियाज, शिवम, रोहन, विवेक, सीता सहित आधुनिक समाचार टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।

सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो०न० 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

उध्घाटन समारोह की कुछ झलकिया